लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 29, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

हल्द्वानी, रविवार, 17 मार्च 2024

www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...15

**आज का मौसम** 31.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 सूर्यास्त 18 : 19

## पांच सांसदों की किस्मत 83,21,207 मतदाताओं के हाथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

- राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम व तैयारियों की दी विस्तृत जानकारी

**अमृत विचार :** देश में चुनावी बिगुल बज गया है, उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गई है। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि प्रदेश में एक ही चरण में चुनाव संपन्न होंगे। 19 अप्रैल को पांचों संसदीय सीटों पर मतदान और 4 जून को मतगणना होगी।

राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार को प्रेस वार्ता में प्रदेश की पांचों संसदीय सीटें पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, हरिद्वार के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 20 से 27 मार्च तक नामांकन,



पत्रकारों को जानकारी देते राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ वीवीआरसी पुरुषोत्तम।

28 को नामांकन पत्रों की जांच, 30 को नाम वापसी, 19 अप्रैल को मतदान, 4 जून को मतगणना होगी। लोकतंत्र के इस महापर्व में 83,21,207 मतदाता अपने मतों की आहुति देंगे। इनमें 93,357 सर्विस, 79,965 दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक आयु के 65,177, 18-19 आयु वर्ग के 1,45,220 मतदाता शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि देहरादून जनपद की डोईवाला विधानसभा सीट के नकरौंदा बूथ में सबसे ज्यादा 1482 मतदाता हैं जबकि सबसे कम 4 मतदाता यमकेश्वर विस सीट के लालढांग बूथ पर पंजीकृत हैं। प्रदेश में सबसे अधिक 20 किमी पैदल दूरी वाला बूथ चमोली जिले की बद्रीनाथ विस क्षेत्र में डुमक बूथ है। उत्तरकाशी की गंगोत्री विस सीट में सबसे ऊंचाई वाला बूथ सिंचाई भवन गंगोत्री पुरी है। जो समुद्र तल से 10170 फीट की ऊंचाई पर है। देहरादून जिले की चकराता विस सीट का राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांगूठा सबसे दूरस्थ बूथ है, यह मुख्यालय से 250 किमी दूर है।

### सचिवालय में बना कंट्रोल रूम

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन – 2024 के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड का राज्य स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम सचिवालय स्थित अब्दुल कलाम भवन के भूतल स्थित कक्ष सं 101 के सामने स्थापित किया गया है, जिसमें निम्नलिखित हेल्पलाईन और टेलीफोन नम्बर स्थापित किए गए हैं – 1800–1300–1950 (टोल फ्री नम्बर), 0135–2664302, 2664303, 2664304, 2664305 व 2664306

## होटल में मिला बैंक मैनेजर का शव

संवाददाता, अल्मोड़ा

- लोन के मामले में अल्मोड़ा में पार्टी से मिलने आए थे तरुण नैनीताल शाखा में थे तैनात

**अमृत विचार :** लोअर माल रोड स्थित एक होटल के कमरे में एक बैंक मैनेजर का शव संदिग्ध हालत में मिला है। शव मिलने के बाद होटल में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नैनीताल में कार्यरत शाखा प्रबंधक तरूण गुररानी पुत्र ललित मोहन निवासी न्यू फ्रैंडस कॉलोनी डहरिया हल्द्वानी अपने साथी सुरेश चंद्र के साथ लोन के एक मामले में एक पार्टी से मिलने के लिए शुक्रवार को अल्मोड़ा आए थे। यहां उन्होंने आईएसबीटी के पास एक होटल में रहने के लिए दो कमरे लिए। जिस पार्टी से वह मिलने आए थे उसने भी रात होटल में उनके साथ खाना खाया था। इसके बाद तरूण और सुरेश भी अपने-अपने कमरे में सोने चले गए।

शनिवार की सुबह तरूण काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकले। सुरेश ने बताया कि वह तरूण के कमरे के पास पहुंचा तो दरवाजा थोड़ा खुला था और दरवाजे के पास वह अचेत अवस्था में गिरे हुए थे। उनके मुंह व सिर से खून निकल रहा था। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से तरूण को अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से अल्मोड़ा का रहने वाला था। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि तरूण की मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है। मृतक जिस कमरे में रूका हुआ था, वहां शराब की खाली बोतलें मिली हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकता है।




# लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

### 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

### चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

### चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।



नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता


### ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

### 85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88 .4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

### 10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10 .48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

### उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

| | | |
|---|---|---|
| पहला चरण | 19 अप्रैल 8 सीट | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। |
| दूसरा चरण | 26 अप्रैल 8 सीट | अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा। |
| तीसरा चरण | 7 मई 10 सीट | संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली। |
| चौथा चरण | 13 मई 13 सीट | शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। |
| पांचवां चरण | 20 मई 14 सीट | मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। |
| छठा चरण | 25 मई 14 सीट | सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही। |
| सातवां चरण | 1 जून 13 सीट | महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज। |

### उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

### एक नजर

#### ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की।



#### शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

## अनुराधा पोडवाल ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया। पौडवाल ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं उन लोगों और उनकी सरकार में शामिल हो रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा संबंध है। फिल्म उद्योग में वर्षों तक पार्श्वगायन करने के बाद पिछले 35 वर्षों से मैं केवल भक्ति गीत गा रही हूं। उन्होंने कहा कि कई बार भाव आता था कि मैंने सही काम किया या नहीं। आज मुझे लग रहा है कि मैं सही जगह पर हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भाजपा में शामिल हो रही हूं।

## पूर्व डीआइजी जोशी व वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन तिवारी पुलिस शिकायत प्राधिकरण के सदस्य बने

संवाददाता, हल्द्वानी

- रिटायर्ड आइजी पुष्पक ज्योति भी सदस्य नियुक्त


**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण उत्तराखंड, जिला पुलिस प्राधिकरण देहरादून और जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण हल्द्वानी में नए सदस्यों की नियुक्ति की है। सचिव शैलेष बगौली की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय जोशी, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन तिवारी को राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण उत्तराखंड का सदस्य नियुक्त किया गया है। अजय जोशी कुमाऊं में पुलिस उपमहानिरीक्षक रहे हैं। 2019 में श्री जोशी यहीं से सेवानिवृत्त हुए। वहीं मोहन तिवारी हाईकोर्ट में डिप्टी एडवोकेट जनरल रहे हैं। इससे पहले वह अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता भी रह चुके हैं। सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक पुष्पक ज्योति को भी राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण उत्तराखंड का सदस्य बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त अपर सचिव सुमन सिंह वाल्दिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या कुसुम रानी नैथानी को जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण देहरादून का सदस्य बनाया गया है। वहीं रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक दिनेश चंद्र तिवारी को जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण हल्द्वानी का सदस्य नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनएस धानिक राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण उत्तराखंड के चेयरमैन हैं।



अजय जोशी



मोहन तिवारी

## केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई



**अमृत विचारः** दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

## दो पूर्व विधायक कांग्रेस छोड़ भाजपा में पहुंचे

संवाददाता, देहरादून

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दिलाई पार्टी की सदस्यता
- सभी पांच सीटों पर भाजपा की जीत का किया दावा

**अमृत विचार :** कांग्रेस छोड़ने वाले दो पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत विभिन्न दलों के नेताओं व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने उत्तरकाशी के कांग्रेस मुक्त होने के साथ सभी पांचों सीटों पर प्रचंड जीत का दावा किया।

बलबीर रोड स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को गंगोत्री से कांग्रेस के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण एवं पुरोला से पूर्व विधायक मालचंद और उनके हजारों समर्थकों का फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बीते दिवस इन दोनों पूर्व विधायकों ने कांग्रेस छोड़ दी थी। उनके साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी नत्थी लाल शाह, पूर्व ब्लाक प्रमुख भटवाड़ी धर्म सिंह नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रताप नगर विजयलक्ष्मी थलवाल, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजनी उनियाल, यूकेडी के जिला अध्यक्ष देहरादून प्रकाश चंद्र जोशी, लोकप्रिय स्थानीय फिल्म कलाकार बलराज नेगी प्रमुख हैं। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में सभी नवागुतों का पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, ऋषिकेश जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, उत्तरकाशी जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने सभी लोगों का पार्टी में अभिनंदन करते हुए उनके मान सम्मान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य बड़ा है लिहाजा प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी द्वारा तय भूमिका के मद्देनजर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान सुनिश्चित करना है। आज मंडल से लेकर प्रदेश सभी स्तरों पर पार्टी में शामिल होने वालों का सिलसिला मतदान तक चलने वाला है। उन्होंने कटाक्ष कर कहा, आज की ज्वाइनिंग के बाद उत्तरकाशी के कांग्रेस के अधिकांश जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कांग्रेस मुक्त उत्तरकाशी की गवाही दे रहा है।

## सीएम के पूर्व निजी सचिव समेत चार पर गैंगस्टर

संवाददाता, देहरादून

- टेंडर दिलाने के नाम से धोखाधड़ी कर करोड़ों की ठगी का आरोप
- अभियुक्तों के विरूद्ध देहरादून समेत कई प्रांतों में हैं मुकदमे

**अमृत विचार :** सरकारी टेंडर दिलाने के नाम से धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने वाले चार अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें एक आरोपी पीसी उपाध्याय मुख्यमंत्री के निजी सचिव रह चुका है। उसे दो दिन पहले ही गिरफ्तार किया गया है।

सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से पैसे हड़पने के आरोप में पिछले साल जुलाई में पंजाब के पटियाला निवासी एक कारोबारी ने पीसी उपाध्याय, सौरभ वत्स, उसकी पत्नी नंदिनी वत्स और शाहरुख खान के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पीसी उपाध्याय मुख्यमंत्री का निजी सचिव रह चुका है। वह कलिंगा विहार, माजरामाफी देहरादून का रहने वाला है।

पुलिस ने हाल ही में सहारनपुर जिले के नकुड के मूल और हाल निवासी देहरादून में अठूरवाला निवासी सौरभ वत्स उर्फ सौरभ शर्मा पुत्र बृजमोहन वत्स, नंदिनी वत्स पत्नी सौरभ वत्स और शाहरुख खान पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम बाजावाला, डोईवाला को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त सौरभ वत्स द्वारा पीसी उपाध्याय के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए फर्जी सरकारी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से सरकारी टेंडर दिलाने के एवज में करोडों रुपये की ठगी की गई थी।

अभियुक्त सौरभ वत्स के विरूद्ध जनपद देहरादून में धोखाधड़ी के चार, मुरादाबाद व भीलवाड़ा राजस्थान में धोखाधड़ी के एक-एक मामले दर्ज हैं। सौरभ की पत्नी नंदिनी के खिलाफ भी देहरादून में तीन और एक मुकदमा मुरादाबाद में दर्ज है। पीसी उपाध्याय के खिलाफ दून में धोखाधड़ी के चार और भीलवाड़ा में एक मुकदमा दर्ज है। चौथे अभियुक्त शाहरुख के खिलाफ दून में तीन और भीलवाड़ा में धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज है। उक्त सभी अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपति के चिन्हिकरण की कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### मिलन व विजय ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा



मिलन सिंह बिष्ट।



विजय सिंह।

**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक के अलचौना में स्थित ग्लोबल एकेडमी स्कूल के कक्षा-5 के छात्र मिलन सिंह बिष्ट ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। मिलन को विद्यालय प्रबंधक लोकेश तिवारी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है। इधर, ओखलकांडा ब्लॉक के दुर्गम राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय जमराडी के छात्र विजय सिंह कोटलिया का चयन घोड़ाखाल सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। विजय के पिता नंदन सिंह कोटलिया ओखलकांडा ब्लॉक में ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय खजूरी में प्रधानाध्यापक हैं और माता गृहिणी हैं। छात्र का चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### स्पार्कल गन, सिलेंडर बम, फैन बम, अनार बम, कलर फॉग सहित कई अन्य सामान उपलब्ध, खरीदारी के लिए पहुंचे रहे लोग

# बाजार पर चढ़ा होली का रंग, ग्राहकों को लुभा रहीं पिचकारियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बाजार पर होली का रंग चढ़ना शुरू हो गया है। होली शुरू होने में बस कुछ ही दिन शेष हैं, जिसके लिए बाजार में दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों में तरह-तरह की पिचकारियां, मास्क, टोपियां, गुलाल और कई तरह के रंग उपलब्ध हैं। बाजार में स्पार्कल गन, सिलेंडर बम, फैन बम, अनार बम, कलर फॉग, सहित कई अन्य आकर्षक वस्तुएं ग्राहकों को लुभा रही हैं।

स्पार्कल गन में गुलाल की काट्रेज इस्तेमाल की जाती है, जो एक झटके में काफी प्रेशर से गुलाल फेंकती है। युवाओं में इसकी खासी डिमांड देखने को मिल रही है। गन में दो छोटे सेल लगते हैं और इसे आप दीवाली में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तब इसमें आप गुलाल कैन की बजाय स्पार्कल वाली काट्रेज इस्तेमाल कर सकते हैं।

बाजार में बच्चों के लिए गुलाल वाले पटाखे भी हैं जो फूटने पर गुलाल का गुबार पैदा करेंगे। स्पार्कल गन लगभग 400-500 रुपये की है, गुलाल की पिचकारी 300 रुपये की है। स्पार्कल गन में लगने वाला गुलाल का पैकेट 600 रुपये का है जिसमें 6 पीस हैं। इसी तरह कलर फॉग 280 रुपये का है। राजस्थानी टोपी, अलग-अलग रंग के विग व मास्क और स्प्रे कलर लोगों को खूब भा रहे हैं।







हल्द्वानी पटेल चौक बाजार में पिचकारियों से सजी दुकान, दुकान में रखा टैंक बंम व स्पार्कल गन। ● अमृत विचार

**01** सौ से 600 रुपये तक उपलब्ध हैं अलग-अलग वस्तुएं

**06** सौ का है स्पार्कल गन में लगने वाला गुलाल का पैकेट

### 17 मार्च से प्रारंभ होगा दुर्गा अष्टमी होलाष्टक

होलाष्टक रविवार से शुरू हो रहे हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि से होलिका दहन तक के समय को होलाष्टक कहा जाता है। होलाष्टक में सभी शुभ मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि होलाष्टक के अंतर्गत मंत्र, जप, ध्यान, पूजा पाठ आदि का विशेष फल मिलता है। बताया कि रविवार को दुर्गा अष्टमी होलाष्टक शुरू होगा, 20 मार्च को चीर बंधन रंग धारण अपराह्न 1:19 से पूर्व, आंमलकी एकादशी उपवास। 24 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा उपवास रहेगा, जबकि रात्रि में 11:13 बजे के बाद होलिका दहन कार्यक्रम होगा। 25 मार्च को स्नान दानार्थ पूर्णिमा और काशी में होली मनाया जाएगा। 26 मार्च को पूरे देश में होली मनाई जाएगी। बताया कि छलड़ी धुलैंडी मनाने के लिए 25 मार्च को उदयव्यापिनी प्रतिपदा न होने व 26 मार्च को उदयव्यापिनी प्रतिपदा होने के कारण होली 26 मार्च को मानना शास्त्र सम्मत है।

नैनीताल रोड में होली से संबंधित सामान बेचने वाले दुकानदार धर्मवीर ने बताया कि लोगों ने खरीदारी करनी शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। बताया कि उनकी दुकान में होली से संबंधित लगभग हर तरह का सामान उपलब्ध है। पटेल चौक में भी लोग दुकानों में खूब खरीदारी कर रहे हैं।

### शैक्षणिक व शोध क्षेत्रों की प्रगति से कराया अवगत

**नैनीताल, अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों में हो रही प्रगति से अवगत कराया।

जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति एवं विकास में सहयोग आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने पीएम-उषा के अंतर्गत प्राप्त होने वाले 100 करोड़ के अनुदान के साथ ही कुमाऊं विश्वविद्यालय का बजट 67 फीसदी तक बढ़ाने के लिए उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सीएम रिसर्च फंड और पीएचडी छात्रों हेतु सीएम फेलोशिप के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# होली है बलवान मुनि जी देवर लच्छिमन छोड़ गए...

### सारथी सहयोग समिति ने किया होली महोत्सव का भव्य कार्यक्रम, महिलाओं ने स्वांग रचाकर मचाया धमाल

**आयोजन**

- पार्थ ने अपने गायन से जीता सभी का दिल
- विभिन्न टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में शनिवार को भव्य होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सारथी सहयोग समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिलाओं ने होली है बलवान मुनि जी देवर लच्छिमन छोड़ गए, मोसे नैना मिलाय के आदि कुमाउनी होली गीतों पर सुंदर प्रस्तुति दी।

साथ ही भावनात्मक नाटक मंचन के साथ ही हास्य नाटक से शिक्षा के प्रति जागरूक किया। पार्थ ने भी अपने गायन से सभी का दिल जीत लिया। मेरी चौखट पे चल के चारों धाम आए हैं भजन गाकर महिलाओं ने भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम में आई विभिन्न टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जिसकी सभी ने जमकर सराहना की। इस दौरान सारथी सहयोग समिति की अध्यक्ष नीतू रौतेला, रेनू अधिकारी, दीप्ति चुफाल, हेमा नेगी, जानकी कार्की आदि उपस्थित रहे।



हल्द्वानी रुद्राक्ष बैंक्वेट हॉल में आयोजित होली महोत्सव में होली गीतों पर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में कुमाउनी बैठकी होली

रामनगर। ग्रेट मिशन स्कूल में बैठकी होली का विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया। हल्द्वानी से बैठकी होली गायन के लिए शर्मिष्ठा बिष्ट, रामनगर से केसी त्रिपाठी, चित्रेश त्रिपाठी, काशीपुर से मोहित उपाध्याय उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्रसून श्रीवास्तव, प्रणय श्रीवास्तव, अजेंद्र सुंदरियाल, राजवंत ताड़ियाल मौजूद रहे।



ग्रेट मिशन स्कूल में बैठकी होली गाते गायक। ● अमृत विचार

### होली गायन प्रतियोगिता में भाग लो, इनाम पाओ

**भीमताल, अमृत विचार :** यदि आप को लगता है कि आप होली गायन में खासा हुनर रखते हैं तो ऑनलाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर आप पुरस्कार जीत सकते हैं। यह प्रतियोगिता ध्येय संस्था की ओर से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के विषय में संस्था के संस्थापक राहुल जोशी बताया कि इस प्रतियोगिता में कुमाऊं के सभी ज़िले नैनीताल, अल्मोड़ा, चम्पावत तथा पिथौरागढ़ से दर्जनों टीम और सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। जिसे इन दिनों https://www.youtube.com/@OEJA2022 पर देखा जा सकता है।



नैनीताल में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# विघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नंदन...

संवाददाता, नैनीताल

**कार्यक्रम**

- नारी सेवा समिति की ओर से महिला बैठकी होली का किया आयोजन

**अमृत विचार :** शनिवार को नारी सेवा समिति की ओर से आयोजित महिला बैठकी होली में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक होली गीत आये और जमकर ठुमके लगाए।

समिति अध्यक्ष सरोज हर्ष के आवास पर महिला होली मिलन व बैठकी होली का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस बीच महिलाओं ने ढोलकी की थाप पर सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरिजापति नंदन..., कोयो बांधे चीर..., फगनुवा रंग भर लायो रे..., नित यमुना के तीर..., दो राजदुलारे होली खेलन आये... समेत कई होली गीत गाये।

इस दौरान संस्था सचिव लता मिश्रा, दीपा उपाध्याय, चंपा, ममता जोशी, किरन पांडे, आशा, बसंती, मुन्नी, ममता, सुमन समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप

### श्यामखेत में लोगों ने बोरिंग का काम रुकवाया

**भीमताल :** भवाली के श्यामखेत में एक सोसाइटी के अंदर की जा रही बोरिंग का लोगों ने विरोध कर काम रुकवाया। स्थानीय लोगों ने देर रात की जा रही बोरिंग पर नाराजगी जताई है। निवर्तमान सभासद सुनील मेहता ने बताया कि सोसाइटी के अंदर अवैध रूप से रात में बोरिंग की जा रही थी। इसका लोगों ने विरोध किया। जल संस्थान द्वारा बोरिंग कराने की बात कही जा रही थी, लेकिन मौके पर अनुमति दिखाने को कहा तो कोई कागज नहीं दिखाए गए। कहा किसी भी हाल में बोरिंग नही कराने दी जाएगी। एई रवि डोभाल ने बताया कि जमीन नहीं मिलने पर सोसाइटी में बोरिंग की जा रही है।

### उद्यमिता विकास की दी जानकारी



इंजीनियर नेहा

**भीमताल :** देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विवि की भीमताल परिसर में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान तुलाज इंस्टीट्यूट देहरादून की प्रो. भावना गहतोड़ी ने अपने स्टार्टअप हर्बल शॉप कंपनी के बारे में जानकारी दी। सिविल इंजीनियर नेहा ने अपने स्टार्टअप के बारे में बताया। विंग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संस्थापक महेश चंद्र पनेरू, नोडल अधिकारी कुमुद उपाध्याय, संयोजक डॉ. तीरथ कुमार, डॉ. आशीष बिष्ट, राकेश तिवारी सहित 48 प्रतिभागी शामिल हुए।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का स्वागत करते स्कूल के प्रबंधक एलडी पाठक।

### सीमा से जुड़े हर स्कूल में एनसीसी पाठ्यक्रम होगा लागू

**हल्दूचौड़ :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा नैनीताल सीट से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने भरोसा दिलाया है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़े समस्त स्कूलों में एनसीसी पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। भट्ट आज यहां एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित अभिनंदन समारोह में स्कूल प्रबंधन एवं उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में जन अपेक्षाओं पर खरा उतारते हुए हर संभव कार्य किए हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक एलडी पाठक, सौरभ पाठक, गौरव पाठक ने एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल को एनसीसी एयर विंग की मान्यता प्रदान किए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया।

### मृगनैनी को यार नवल रसिया...

**रामनगर, अमृत विचार :** भरतपुरी में मंजुला श्रीवास्तव के आवास पर देर रात तक अल्मोड़ा, नैनीताल, रामनगर एवं हल्द्वानी के कलाकारों ने तबला और हारमोनियम की धुन पर कुमाउनी बैठकी होली में देर रात तक संगीत की बयार चली। बैठकी होली गायन में अल्मोड़ा से प्रभात शाह गंगोला ने लागे हियरवा हारी तोपे मुरारी सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। हल्द्वानी से आए हेमंत पंत ने तोसे पनघट पर नैना लड़ गई व मृगनैनी को यार नवल रसिया सुनाया। रानीखेत से आए संदीप गोरखा, रामनगर से नीता, गिरीश करगेती और पंकज जोशी ने भी गायन किया। तबले पर हल्द्वानी से आए आनंद बिष्ट ने संगत दी। इस दौरान मितेश्वर आनंद, सुमित लखोटिया, अमित गोयल सर्राफ, भूपेंद्र खाती, गिरीश मठपाल, भुवन डंगवाल, तनुज दुर्गापाल, शुचि बंसल, विमला आर्या, नीमा मठपाल, आशा बिष्ट, सतेश्वरी रावत, पंकज कौशिक, पवन जिंदल, डॉ. अनुराग कुमार मौजूद रहे।




बैठकी होली में गायन करते बाहर से आए कलाकार। ● अमृत विचार

**अच्छी खबर** नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया

# 1600 करोड़ से बनेगा नैनीताल-काठगोदाम रोपवे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** देशभर से नैनीताल आने वाले पर्यटकों को नैनीताल में रोपवे की सुविधा मिलने जा रही है। रोप वे निर्माण के लिए शनिवार को नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी देते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य व पर्यटन मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि रोप-वे निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 1592.87 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। जल्द ही टेंडर ओपन होंगे। इसके बाद काठगोदाम से नैनीताल तक करीब 15 किलोमीटर लंबे रोपवे निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**प्रोजेक्ट के तहत बनेंगे 3 स्टार होटल और मल्टीप्लेक्स:** प्रोजेक्ट की लागत करीब 1600 करोड़ है। इसके तहत 15 किलोमीटर लंबा रोप-वे बनना है। इसके साथ ही रानीबाग में 35.40 करोड़ लागत से थ्री स्टार होटल, करीब 50 करोड़ लागत से मल्टी स्टोरेज कार पार्किंग, फूड आउटलेट्स, फैमिली इंटरटेनमेंट जोन, रिटेल शॉप, रेस्टोरेंट व ज्योलीकोट रोप-वे स्टैंड के पास 20.25 करोड़ की लागत से ईको टूरिज्म रिजॉर्ट, रिटेल शॉप, फूड एंड बेवरेज आउटलेट्स भी स्थापित किए जाएंगे। इससे आने वाले समय में स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। प्रोजेक्ट के तहत काठगोदाम से लेकर नैनीताल तक 4 टर्मिनल स्टैंड बनाए जाएंगे। पर्यटन विभाग के इस प्रोजेक्ट में एचएमटी रानीबाग में पहला लोवर टर्मिनल, डोलमार में टर्न स्टेशन, ज्योलीकोट में मिड टर्म स्टेशन, नैनीताल हनुमानगढ़ी में अपर टर्मिनल स्टेशन बनाया जाएगा।



### पर्यटकों को मिलेगी जाम से मुक्ति

लंबे समय से काठगोदाम से नैनीताल तक बनने वाले रोपवे निर्माण में दिक्कत आ रही थी जिन्हें बीते दिनों नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक के अधिकारियों और ऑस्ट्रिया की रोपवे निर्माण की कंपनी के अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्याओं का निस्तारण किया जिसके बाद केंद्र ने रोपवे निर्माण के लिए बजट जारी कर दिया है। अगर सब सही रहा तो नैनीताल आने वाले पर्यटकों को अब जाम की समस्या से निजात मिलेगी और पर्यटक महज कुछ मिनट में सुंदर वादियों का दीदार करते हुए काठगोदाम से नैनीताल का सफर तय कर सकेंगे। 15 किलोमीटर लंबे इस रोपवे को बनाने में करीब 5 साल का समय लगेगा।

### डीएसए पार्किंग के बेस प्राइज में 10 फीसदी कटौती

**नैनीताल, अमृत विचार :** नगर पालिका की ओर से फरवरी पहले सप्ताह में डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी। इसमें एक करोड़ चालीस लाख न्यूनतम धरोहर राशि निर्धारित की गई थी। लेकिन कोई टेंडर नहीं आने से दूसरी बार में पालिका ने बेस प्राइज में 10 प्रतिशत की कटौती कर एक करोड़ 27 लाख कर निविदा जारी की थी लेकिन तीसरी बार भी पार्किंग के लिए कोई आवेदन नहीं आया। अब पालिका को एक बार फिर 10 प्रतिशत की कटौती करनी पड़ी है। इसके बाद अब पालिका ने डीएसए का बेस प्राइज एक करोड़ 15 लाख कर टेंडर अपलोड कर दिया है।

### स्टाफ हाउस क्षेत्र में गुलदार से लोगों में दहशत

**नैनीताल, अमृत विचार :** नगर में लगातार गुलदार का खतरा बढ़ता जा रहा है। आए दिन गुलजार की आवाजाही से लोगों में दहशत है। अब स्टाफ हाउस में भी गुलदार की आवाजाही से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इसको लेकर लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly




# बजी चुनावी रणभेरी, जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू

## नैनीताल जिलाधिकारी वंदना सिंह ने दी जानकारी, आचार संहिता के पालन के लिए राजनैतिक दलों के साथ की बैठक, सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आम चुनाव की रणभेरी बज चुकी है, इसी के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सख्ती से पालन कराने के लिए प्रशासन-पुलिस ने कमर कस ली है।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में शनिवार की दोपहर तीन बजे से जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। यह आचार संहिता 6 जून तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने राजनैतिक दलों, पुलिस-प्रशासन व मीडिया से आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का रिटर्निंग ऑफिसर ऊधम सिंह नगर डीएम होंगे इसलिए सभी चुनावी प्रक्रिया वहीं होंगी। 20-27 मार्च तक नामांकन, 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 30 मार्च को नाम वापसी, 19 अप्रैल को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद धारा-144 लागू रहेगी। बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, एकत्रीकरण वगैरह नहीं होंगे। आचार संहिता लागू होते ही पहले 24 घंटे में यूनिपोल, 48 घंटे में सरकारी संपत्तियों व 72 घंटे के भीतर निजी व सरकारी संपत्तियों से हटा दी जाएगी। इसकी रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम फिंचाराम चौहान, जिला सूचना अधिकारी ज्योति सुंदरियाल मौजूद रहीं।


एमबीपीजी कॉलेज में चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता देखते अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सबसे ज्यादा वोटर पीरूमदारा तो सबसे कम हाथीखाल में



रानगर विस सीट के अंतर्गत राजकीय आदर्श माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय पीरूमदारा बूथ पर सबसे ज्यादा 1446 वोटर हैं। जिले में इसी बूथ पर सबसे ज्यादा पुरुष मतदाता 703 और महिला मतदाता 743 हैं। सबसे कम मतदाताओं की संख्या वाला बूथ कुष्ठ रोग आश्रम हाथीखाल लालकुआं में हैं। यहां सिर्फ 75 मतदाता हैं, वहीं सबसे कम पुरुष वोटर भी इसी बूथ पर हैं। भीमताल के विरसिंगिया बूथ पर महज 36 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। इसी तरह भीमताल के बज्यूटिया बूथ पर 18-19 आयु वर्ग के 45 सबसे ज्यादा मतदाता हैं वहीं, कुष्ठ रोग आश्रम हाथीखाल, राउमावि कैड़ा गांव, राप्रावि कालागढ़ी, राप्रावि रतौड़ा दाड़िमा बूथों पर 1-1 युवा मतदाता पंजीकृत है। जंगलिया गांव बूथ पर सबसे ज्यादा 67 दिव्यांग मतदाता हैं। सबसे ज्यादा 50 वरिष्ठ नागरिक मतदाता राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमौरी में हैं।

### चुनाव में भारी भरकम अमला रहेगा तैनात




चुनाव के लिहाज से जिले में 35 जोनल व 106 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे जबकि 12-12 आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा 57 फ्लाइंड स्क्वॉयड टीमें, 67 वीडियो सर्विलांस, 12 वीडियो व्यूइंग, 18 स्टैटिक सर्विलांस, एकाउंट्स टीमें तैनात रहेंगी। लालकुआं में 12 जबकि अन्य विस सीटों पर 9-9 एफएसटी तैनात की गई हैं।

### इन्हें नहीं जमा करने होंगे शस्त्र



जिले में 6,768 लाइसेंसी शस्त्र हैं इनको जमा करने के लिए पुलिस को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जनपद स्तरीय समिति ने बैंक, एटीएम, बैंक कैश वैन, सुरक्षा गार्ड, औद्योगिक आस्थानों को रियायत दी जाएगी। उनके शस्त्र जमा नहीं किए जाएंगे।

### जनपद में हैं 7,98,276 मतदाता




जिले में 7,98,276 मतदाता हैं, इनमें 4,14,702 पुरुष, 3,83,558 महिला व 16 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। सर्विस मतदाता 5,342 दिव्यांग 6,058 और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 4737 वोटर हैं। पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से ही वोट देने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए रूट निर्धारित किया जाएगा, टीम रूट के अनुसार फार्म-12 डी मुहैया कराएगी और फिर कलेक्ट करेगी।

### जिले में 1010 बूथ, 286 वल्नरेबल



चुनाव के लिए डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट व बूथ मैनेजमेंट प्लान तैयार कर लिया गया है। जनपद में 1010 पोलिंग बूथ हैं, इनमें 413 शहरी व 597 ग्रामीण हैं। वहीं 286 बूथ बल्नरेबल हैं। लालकुआं में 20, भीमताल में 28, नैनीताल में 54, हल्द्वानी में 102, कालाढूंगी में 59 और रामनगर में 23 बूथ वल्नरेबल हैं। सभी वल्नरेबल बूथों में बेव कास्टिंग, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से निगरानी, माइक्रो ऑब्वर्जर व केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्सेस की तैनात की जाएगी। रामनगर और बनभूलपुरा में वल्नरेबल बूथों की संख्या पिछले चुनाव की अपेक्षाकृत बढ़े हैं।

### मुक्तेश्वर व ताड़ीखेत में सर्वाधिक ऊंचाई पर बूथ



नैनीताल विस सीट के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय ताड़ीखेत और राजकीय इंटर कॉलेज मुक्तेश्वर सर्वाधिक ऊंचाई वाले बूथ हैं। वहीं, 6-6 किमी पैदल दूरी वाले भीमताल में राप्रावि मलुवाताल और राप्रावि खलाड़ शामिल हैं। सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों को एक दिन पूर्व ही रवाना होगा।

### 526 बसें, 90 ट्रक, 654 हल्के वाहन होंगे इस्तेमाल



आम चुनाव को संपन्न कराने के लिए ईवीएम, वीवीपैट, जरूरी सामग्री समेत कर्मचारियों को पहुंचाने के लिए पुलिस-प्रशासन को मिलाकर 526 बसें, 90 ट्रक, 654 हल्के वाहनों की जरूरत है। इसके सापेक्ष पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध हैं। जिले में 50 भारी वाहन व 150 हल्के वाहन सरकारी हैं।

### राजनीतिक दलों को बताए आयोग के निर्देश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने आचार संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रत्याशियों के नामांकन, घोषणा पत्र एवं आचार संहिता के दौरान आयोग के दिशा निर्देशों, अनुमतियों की विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग, नाम-निर्देशन दायर करने, अनुमति प्राप्ति को अभ्यर्थियों की प्रक्रिया सरल बना रहा है, इसलिए सुविधा वेब एप्लीकेशन से उपरोक्त सभी प्रक्रिया की जा सकती है। मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग समिति की अनुमतियों के लिए nainitalmcmc2024@gmail.com पर आवेदन किया जा सकता है। सभी राजनीतिक दलों से स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के व्यय के



प्रावधान की जानकारी दी। किसी भी कठिनाई के समाधान के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी और कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, दीप चंद्र पाठक, भाजपा जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, राजेंद्र सिंह भाकुनी, राहुल झिंगरान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नवाबी रोड पर आज 7 घंटे गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** नवाबी रोड पर पेड़ों की कटाई-छंटाई के चलते ऊर्जा निगम की ओर से रविवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि विभाग की ओर से पेड़ों की लॉपिंग के चलते शटडाउन लिया जाएगा।

### सुरक्षा की गुहार लगाई

**हल्द्वानी :** एक व्यक्ति ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। आयुक्त को सौंपे पत्र में हाथीखाल अर्जुनपुर हल्द्वानी निवासी हरीश सिरोही ने कहा कि 14 मार्च को कुछ लोगों ने उसके तीन भाइयों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की। मारपीट में उसके बड़े भाई नरेश सिरोही को गंभीर चोटें आई है। जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोप लगाया कि घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# रडार पर संदिग्ध, निशाने पर सोशल मीडिया एकाउंट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होते ही पुलिस का सख्ती भी शुरू हो गई। पुलिस ने पेशेवर अपराधियों की वर्तमान मौजूदगी तलाशनी शुरू कर दी। पता लगाया जा रहा है कि कितने शातिर जेल के अंदर है और कितने जमानत पर बाहर हैं। इसके अलावा पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल ने भी निगरानी शुरू कर दी है।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर ऐसे लोगों की सूची तैयार की जा रही है, जो किसी न किसी रूप में चुनाव प्रभावित कर सकते हैं। पुलिस ने गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर, गुंडा एक्ट सहित करीब पांच सौ लोगों को चिह्नित किया है। जेल से जमानत या पैरोल पर छूटने वाले बंदियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा पुलिस का सोशल मीडिया सेल भी सक्रिय हो गया है। ऐसे लोग खास तौर पर निशाने पर जिनकी सोशल मीडिया से हाल ही में आपत्तिजनक पोस्ट हटाई थीं। पुलिस राजनैतिक लोगों और उनके समर्थकों के सोशल मीडिया एकाउंट को ट्रेस कर रही है। आईडी ट्रेस कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अगर किसी भी तरह की आपत्तिजनक, सामाजिक या सांप्रदायिक विवादित टिप्पणी या बयानबाजी जारी की जाती है तो तुरंत आईडी संचालक को नोटिस भेजा जाएगा।

**सतर्कता**

- पुलिस ने तैयार की अपराधी और संदिग्धों की सूची
- जेल से जमानत पर छूटे लोगों को भी ट्रेस कर रही है पुलिस

# साफिया की जमानत टली, पुलिस ने कोर्ट को नहीं सौंपी रिपोर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कंपनी बाग मामले की फरार आरोपी साफिया मलिक की जमानत अर्जी कोर्ट ने स्वीकार तो कर ली है, लेकिन जमानत कुछ दिन के लिए टल गई। मामले में पुलिस ने कोर्ट को स्टेटस रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई और इसके लिए कुछ और समय मांगा। अब मामले में अंतिम सुनवाई 20 मार्च को होगी।

बीती 22 फरवरी को सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक, नबी रजा खां, गौस रजा खां, अख्तरी बेगम और अब्दुल लतीफ के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त सभी लोगों ने कंपनी बाग का बगीचा स्थित भूखंड पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर न सिर्फ कब्जा किया, बल्कि हाईकोर्ट में मरे व्यक्ति के नाम से रिट डाली और जमीन को खुर्द-बुर्द कर डाला।

# कुमाऊं में 10 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 30 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल के सापेक्ष 10 कंपनी कुमाऊं को मिल चुकी है। सर्वाधिक अर्द्ध सैन्य बल नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में तैनात किया है। जल्द ही और 20 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल कुमाऊं के सभी जिलों में तैनात कर दिए जाएंगे।

राज्य में मतदान की तिथि तय होते ही पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। पूरे कुमाऊं में पुलिस और अर्द्ध सैन्य बल का संयुक्त फ्लैग मार्च हो चुका है। पुलिस ने चुनाव के मद्देनजर 30 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल की मांग की थी, लेकिन अभी तक सिर्फ 10 कंपनी ही मिली है। डीआईजी डा. योगेंद्र रावत ने बताया कि अभी तक 10 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल पहुंच चुका है। जिसमें से तीन-तीन कंपनी नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में तैनात कर दिए गए हैं। बाकी चार जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ में एक-एक कंपनी को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव पहले-पहले और 20 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल कुमाऊं में पहुंच जाएगा।

### आचार संहिता से पहले किए पांच तबादले

**हल्द्वानी :** आचार संहिता लागू होने से पहले एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने चार कोतवालों को इधर से उधर किया है। तबादला सूची में एक दरोगा भी शामिल है। शुक्रवार की रात जारी आदेश में दिनेश फर्त्याल को लालकुआं और हरपाल सिंह को मल्लीताल का नया कोतवाल बनाया है। डीआर वर्मा को भवाली कोतवाल, धर्मवीर सिंह सोलंकी को चुनाव प्रकोष्ठ का प्रभारी और दारोगा जोगा सिंह को ढेला चौकी प्रभारी बनाया है।

# स्टार प्रचारक के साथ भरी उड़ान मंच किया साझा तो खर्च जुड़ेगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंक चुका है। जिला प्रशासन ने प्रत्याशियों के खर्च पर पैनी निगरानी शुरू कर दी है। एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी समेत कई टीमें लगा दी हैं, जो प्रत्याशियों की पाई-पाई का हिसाब रखेंगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि आम चुनाव में प्रत्याशी सिर्फ 95 लाख रुपये ही खर्च कर सकता है। प्रत्याशी यदि किसी स्टार प्रचार के साथ हेलीकॉप्टर से आवाजाही करता है तो यह खर्च प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। इसी तरह स्टार प्रचारक की रैली में यदि प्रत्याशी मंच साझा करता है तो खर्च प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा। यदि प्रत्याशी मंच साझा नहीं करता है लेकिन स्टार प्रचार उसके पक्ष में वोटे देने की अपील करता है तो कुछ हिस्सा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा।

स्टार प्रचारक की रैली में कई उम्मीदवार आते हैं तो यह खर्च मौजूद सभी उम्मीदवारों के खाते में जोड़ा जाएगा। वहीं, स्टार प्रचारक की रैली में किसी प्रत्याशी के पक्ष में वोट नहीं मांगा जाता है तो यह खर्च संबंधित राजनैतिक दल के खर्च में जुड़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी को सोशल मीडिया पर कंटेंट अपलोड करने, अखबार-टीवी में विज्ञापन देने के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन व मीडिया समिति की अनुमति लेनी होगी। झंडे, पोस्टर्स, बैनर्स प्रकाशित कराने के लिए भी प्रशासन की अनुमति लेनी होगी।

प्रत्याशी किसी भी व्यक्ति को 10 हजार से अधिक की नगदी नहीं दे सकता है। प्रत्याशी और संबंधित दल के पदाधिकारी 50 हजार से अधिक की नगदी साथ लेकर नहीं चल सकेंगे। बैंक खातों से लेनदेन व डिजिटल पेमेंट की भी निगरानी की जाएगी।

### पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर अनुमति

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चौहान ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रैली, जुलूस, सभा की अनुमति दी जाएगी। यदि एक दिन, एक स्थान व एक समय पर एक से अधिक प्रत्याशी जनसभा, रैली करना चाहेंगे तो जो उम्मीदवार पहले आएगा उसको अनुमति दी जाएगी। इन आयोजनों के लिए हर विस सीट पर बड़े-बड़े ग्राउंड नोटिफाइ कर लिए गए हैं।

### आचार संहिता लगते ही सख्त हुआ प्रशासन

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सख्त हो गया। नगर पालिका की टीम ने नगर क्षेत्रों में लगे नेताओं के होर्डिंग, बैनर उतारवाने का अभियान शुरू कर दिया है। ईओ ईश्वर सिंह रावत ने बताया कि नगर के बाजार, गलियों व हाइवे से राजनीति पार्टियों के होर्डिंग व बैनर उतरवाए जा रहे हैं। इस दौरान टीम में गौरव कुमार, भूपाल बोरा, दीपक मंगोलिया, उमेश रौतेला आदि मौजूद रहे।


कालाढूंगी में होर्डिंग, बैनर हटाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

### नगर निगम ने हटाई प्रचार सामग्री

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होते ही नगर निगम ने यूनिपोल, खंभों से राजनैतिक दलों की प्रचार सामग्री हटाना शुरू कर दी। शनिवार की देर सायं मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड और कालाढूंगी रोड पर यूनिपोल, खंभों पर लगे बैनर, होर्डिंग्स, पोस्टर्स हटाए और जब्त कर लिया। आज सरकारी संपत्तियों पर लगे पोस्टर्स, वॉल पेंटिंग हटाई जाएगी।


हल्द्वानी में खंभों से पोस्टर बैनर हटाते नगर निगम कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पर्वतीय मार्ग पर केमू बसों का होगा विस्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पर्वतीय मार्ग पर केमू की बसों का विस्तार कर दिया गया है। पर्वतीय इलाकों को जोड़ने वाली केमू को 1993 के बाद फिर से नए मार्ग मिल गए हैं। परिवहन सचिव की ओर से मार्गों को लेकर आदेश जारी कर दिया है। आदेश में पर्वतीय मार्ग के विस्तार के साथ ही मैदानी इलाकों से जुड़े 2 मार्गों पर निजी बसों के संचालन की अनुमति भी दी गई है वहीं पर्वतीय मार्गों पर रोडवेज की सेवा संकुचित है। केमू के पास नए मार्ग उपलब्ध नहीं हैं। जबकि कुछ पुराने मार्गों पर अभी सड़कों का दायरा नहीं बढ़ पाया है। पहाड़ पर अब नए-नए लिंक मार्ग का निर्माण हो चुका है लेकिन यहां पर केमू बसों को नहीं भेज सकता है। इसके चलते संचालक लंबे समय से नए मार्गों पर देने और पुराने के विस्तार की मांग कर रहे थे। इसमें रानीबाग से नौकुचियाताल जाने के लिए वाहनों को अब भवाली से भीमताल को नहीं आएंगी बल्कि सीधा हल्द्वानी से भीमताल को जाएगी। हल्द्वानी-रानीखेत हाईवे से 54 के बजाए 79 बसें चल पाएंगी। रानीखेत-अल्मोड़ा के बीच गगास और द्वारघाट की ओर जाने पर कोई रोक नहीं रहेगी। मैदान में हल्द्वानी-किच्छा-रामपुर से मुरादाबाद तक बसों का संचालन होगा।

**विडंबना** सबकुछ होने के बाद भी भीख मांगते हैं पिता-पुत्री, एमबीपीजी में लैब असिस्टेंट थे सतीश, मिलती है 35-40 हजार पेंशन

# समाज की मदद के बावजूद मुख्य धारा से नहीं जुड़े सतीश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी के पूर्व लैब असिस्टेंट सतीश अग्रवाल और उनकी पुत्री को अग्रवाल समाज के लोगों ने रहने को आशियाना, खाने को भोजन और आर्थिक मदद भी की। उन्होंने सतीश व उनकी बेटी को मुख्य धारा में लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया लेकिन मात्र दस दिनों के भीतर ही दोनों पिता-पुत्री फिर से भिक्षावृत्ति में संलिप्त हो गए हैं।

शनिवार को पिता-पुत्री कालाढूंगी चौराहे के पास सड़क किनारे बैठे दिखे। अमृत विचार की टीम ने जब उनसे बात करनी चाही तो वह मुंह छुपा कर वहां से चले गए। अग्रवाल समाज के लोगों के कई बार समझाने के बाद भी वह सड़क, रोडवेज स्टेशन व अन्य जगह भीख मांग रहे हैं। बीते 4 मार्च को अग्रवाल सभा और महाराजा अग्रसेन युवा समिति के लोगों ने हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से पिता-पुत्री को नए आशियाने में रहने की व्यवस्था की थी। कुछ दिनों तक वह सामान्य तरीके से घर में रहे, अग्रवाल समाज के लोगों ने प्रतिदिन उनके रहने का प्रबंध किया था और उनको अपने परिवार का हिस्सा बनाकर पूरे सम्मान के साथ रखा। लेकिन,सतीश अग्रवाल व उनकी बेटी को यह भी रास नहीं आया। बेटी कालाढूंगी चौराहे पर और वह खुद रोडवेज स्टेशन व अन्य जगह पर भटक रहे हैं।

**अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था मामला:** अमृत विचार ने बीते 2 मार्च को एमबीपीजी के पूर्व लैब असिस्टेंट बेटी संग मांग रहे भीख शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी जिसके बाद 4 मार्च को अग्रवाल सभा के लोग उनकी मदद को आगे आए थे। अग्रवाल समाज के लोगों ने अमृत विचार को जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए धन्यवाद भी किया।


कालू सिद्ध मंदिर के पास अपनी बेटी के साथ बैठे सतीश अग्रवाल।

### पुलिस और प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

अग्रवाल समाज के लोगों ने कहा कि उन्होंने सतीश को मुख्य धारा में लाने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन सतीश और उनकी बेटी शायद सामान्य ढंग से जीवन नहीं जीना चाहते। मालूम हो कि सतीश अग्रवाल को 35-40 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन मिलती है। उसने अपना खाता भी बंद करा रखा है। देवेश अग्रवाल ने बताया कि उनको नया मोबाइल भी दिलवाया और फ्रीज खाते को खुलवाने का प्रयास किया लेकिन सतीश ने सहयोग नहीं किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल उर्फ पप्पी ने पुलिस और प्रशासन से भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए कार्रवाई की मांग की है। महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, निशुल अग्रवाल और आशुतोष अग्रवाल ने भी इस तरह के लोगों की काउंसलिंग कराने की मांग की है।

# भूमि धांधली पर मंडलायुक्त सख्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त के जनसुनवाई कार्यक्रम में भूमि विवाद, अतिक्रमण और बिजली से संबंधित समस्याएं सबसे अधिक आयी। आयुक्त ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

शनिवार को कैंप कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। आयुक्त रावत ने कहा कि सरकारी जमीनों पर कब्जे किसी भी प्रकार से ना किये जाए। किसी भी प्रकार की मिलीभगत पाये जाने पर दंड की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आयुक्त ने कहा कि सभी लोग वोट कर लोकतंत्र को मजबूत बनाये। दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों पर सभी व्यवस्थायें उपलब्ध हों साथ ही बूथों पर कोई भी कार्य होना है शीघ्र करा लिये जाएं। जिन बूथों के मार्ग ठीक नहीं है उन बूथों के मार्गों को सुगम समय से बनाया जाए।

ग्राम प्रधान लीला बिष्ट और पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट के साथ ही ग्राम खेड़ा गौलापार के निवासियों द्वारा बताया गया कि गौलापार क्षेत्र की नहर में मरम्मत कार्य होने के कारण पानी की सप्लाई 20 दिनों से पूर्ण रूप से बंद कर दी गई। जिसपर आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता सिंचाई को शीघ्र कार्य कराने के निर्देश दिये। ग्राम हिम्मतपुर डोडियाल रामनगर में शिकायतकर्ताओं द्वारा कहा कि उनको जो जमीन बेची गई है वह वन विभाग की भूमि है। आयुक्त ने कहा कि सभी प्रकरण लैंड फ्रॉड के हैं, जिन्होंने भी कृत्य किया है, उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।


हल्द्वानी में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत।

### द्वाराहाट की मंजू के बनाए साज-सज्जा के उत्पाद की हो रही खूब मांग, गांव की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर बना रहीं आत्मनिर्भर

# हुनर से मंजू ने पिरूल और बांज के बीजों को बना दिया सजावटी

कुंदन बिष्ट, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कहते हैं कि हुनर किसी का मोहताज नहीं होता, केवल अपने आप पर विश्वास होना जरूरी है। सिखने और सिखाने के इरादे पक्के हो तो मुश्किल काम भी आसान लगने लगते हैं। कुछ ऐसा ही मंजू ने कर दिखाया है। अमूमन जंगलों में आग लगने का सबसे बड़ा कारण माने जाने वाले पिरूल से ही मंजू ने इतने साज-सज्जा के डैली यूज के आइटम बना दिए कि अब पिरूल की खासियत लोगों तक पहुंचने लगी है।

दरअसल मूलरूप से हाट, द्वाराहाट निवासी मंजू आर साह ने कम उम्र में अपने पिता को खो दिया। उनका बचपन बेहद संघर्षरत रहा। उनकी मौसेरी बहन ने मंजू को पिरूल से साज-सज्जा का सामान बनाने के लिए प्रेरित किया। सीखने की ललक ने मंजू में इतना साहस भर दिया कि महज एक माह के भीतर ही मंजू ने पिरूल से फूलदान, सजावटी बर्तन, घड़े, कटोरे, बास्केट, बिजली स्टैंड बनाने में महारत हासिल कर ली। आज यह स्थिति है कि उनके द्वारा तैयार इको फ्रैंडली डैली यूज के आइटम की डिमांड न केवल पर्वतीय बल्कि तराई क्षेत्रों में भी खूब आने लगी है। मंजू बताती हैं कि इस साल जनवरी से उन्होंने बांज के बीजों से ज्वैलरी भी बनाना शुरू किया है। उन्होंने पिस्ता के छिक्कलों से कानों की झुमकी और ग्लोबंध समेत अन्य सामान बनाए हैं। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में ताड़ीखेत में जीजीआईसी में प्रयोगशाला सहायक के पद पर तैनात है। वह बेकार पड़े पिरूल को हस्तशिल्प कला से जोड़ महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की तैयारी में है। इसके लिए उन्होंने गांव की महिलाओं को प्रशिक्षण भी देना शुरू कर दिया है।


पिरूल व बांज के सजावटी सामानों को दिखातीं मंजू आर साह। ● अमृत विचार

### पीएम और सीएम को भेजी पिरूल से बनी राखी

**हल्द्वानी।** मंजू ने बताया कि उन्होंने पिछले साल राखी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पिरूल से बनी राखी भेजी थी। राखी मिलने के बाद पीएम मोदी ने उन्हें पत्र भेजकर आभार भी जताया है। उन्होंने बताया कि मन की बात के लिए भी उनका शूट हो चुका था। लेकिन किसी कारणवश वह नहीं आ सका है।


किताब कौतिक में कठपुतली का भी स्टॉल लगाया गया है। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप

### जीवन को ऊर्जा देती है मां भगवती की साधना


भागवत कथा में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कालाढूंगी :** विकास खंड कोटाबाग के नयागांव चंदन सिंह में कोटगाड़ी देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के छठे दिन कथावचाक कपिल देव महाराज ने कहा मां भगवती का स्वरूप अष्ट भुजाओं पर केन्द्रित है। जिसमें समस्त देवी-देवताओं की शक्ति का स्वरूप है। देवी की साधना करने से मनुष्य के जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देर शाम तक भजन मंडली ने भजन गाये। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान गंगा सामंत, महिमन सिंह चौहान, देव सिंह सामंत, जगत सामंत, गंगा चौहान, पुष्कर राणा, हरक कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### बीआरपी व सीआरपी पर होगी आउटसोर्स नियुक्ति

**हल्द्वानी :** समग्र शिक्षा उत्तराखंड के अंतर्गत बीआरपी और सीआरसी के पदों पर बाह्य स्रोत (आउटसोर्स) से कार्मिक की चयन प्रक्रिया होनी है। बीआरपी (ब्लॉक रीसोर्स पर्सन) और सीआरपी (क्लस्टर रीसोर्स पर्सन) की चयन प्रक्रिया के लिए समग्र शिक्षा निदेशक बंशीधर तिवारी ने रोजगार कार्यालय को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से रोजगार प्रयाग पोर्टल में लॉगिन आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। बीआरपी के लिए 285 और सीआरपी के लिए 670 पदों पर नियुक्ति होनी है।

### एनएसएस कैंप में शहीदों को किया गया याद



एनएसएस कैंप में शहीदों की पुस्तकों के साथ शिविरार्थी। ● अमृत विचार

**रामनगर :** राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ के एनएसएस कैंप में आजादी के आंदोलन के शहीदों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से याद किया गया। रचनात्मक शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा कि भगतसिंह के दिशा निर्देशन में क्रांतिकारी एक वर्गविहीन, शोषण विहीन भारत की लड़ाई लड़ रहे थे। सल्ट महाविद्यालय के प्राचार्य बीएम पांडे, गिरीश पंत, कैंप प्रभारी डॉ. मनोज कुमार, सुजल कुमार, दीक्षा आर्या मौजूद रहे।

### आठ साल की अश्मीरा ने रखा रमजान का पहला रोजा

**रामनगर :** रमजान को लेकर नन्हे-मुन्ने बच्चो में खासा जोश नजर आ रहा है। डीडीसीएम पब्लिक स्कूल खताड़ी में पढ़ने वाले 8 वर्षीय अश्मीरा पुत्री रागिब खान निवासी मोहल्ला खताड़ी ने रमज़ान के पहले जुमे को पहली बार रोजा रखा और पूरे दिन इबादत की। घर के अंदर दीनी माहौल का असर बच्चो में भी रोजा नमाज के लिए जोश भर रहा है। अन्य लोग भी अपने घरों में ही रहकर घर के अंदर दीनी माहौल रखे। इसके साथ ही बच्चों में तालीमो-तरबियत देकर दीन भक्ति के साथ देश भक्ति की भी भावना कायम करें।


अश्मीरा। ● अमृत विचार

### राइका ढिकुली में किशोरों को किया जागरूक

**रामनगर :** राइंका ढिकुली में बाल सखा प्रकोष्ठ के समन्वयक दिनेश चंद्र सिंह रावत ने किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यकता एवं इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अदिति पारीक व डॉ रिंपल सिंह ने बालिकाओं से किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, स्वच्छता एवं माहवारी जैसे विषयों पर चर्चा की। मनोवैज्ञानिक प्रियंका रावत सभी किशोरों की सही काउंसलिंग होनी जरूरी है, जिससे उनका सही दिशा में विकास हो सके। इस दौरान रुचि आर्या, आशा मेहरा, प्रेम तिवारी, तनुजा रावत, प्रधानाचार्य आशाराम निराला, पीटीए अध्यक्ष प्रकाश सती, एसएमसी अध्यक्ष जगदीश छिमवाल मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति के विषय में दी गई जानकारी

**रामनगर।** शिविर के तीसरे दिन एंटी ड्रग सेल समिति द्वारा नशा मुक्ति के विषय में स्वयंसेवियों को जानकारी दी गई। पीएनजी राजकीय पीजी कॉलेज रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का प्रारंभ योग से हुआ। महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल की संयोजक डॉ. जया भट्ट ने स्वयं सेवकों को विद्यार्थी जीवन में अध्ययन में ध्यान केंद्रित करना ही मेडिटेशन है। कार्यक्रम में छात्र महासंघ के अध्यक्ष पियूष जोशी, नितेश शर्मा, प्रकाश चन्द्र आदि मौजूद रहे। मंच संचालन स्वयंसेवी जितेन्द्र सिंह रावत ने किया। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' का शुभारंम्भ किया। नमामि गंगे नोडल अधिकारी डॉ भावना पंत ने छात्र-छात्राओं को 16 से 30 मार्च तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. आरडी सिंह, सिद्धेश्वर मौर्य, डॉ रागिनी गुप्ता, नितिन शर्मा, मीनू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश प्रवक्ता के भाई का हुआ निधन

**हल्द्वानी :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत के बड़े भाई 61 वर्षीय बिशन सिंह रावत का निधन होने से बीजेपी नेताओं में शोक है। शनिवार को मुखानी स्थित कपिल कालोनी से शवयात्रा निकल कर चित्रशिला घाट पर पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर डॉ. अनिल डब्बू, प्रमोद अग्रवाल, गजराज बिष्ट समेत कई बीजेपी नेता मौजूद रहे।

# कविताओं के साथ अब कहानियों और निबंध में भी छाप छोड़ रही कुमाउनी

### किताब कौतिक : कुमाउनी में छप रही किताबें बता रहीं अपनी संस्कृति और इतिहास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कभी कविताओं तक सीमित कुमाउनी आज साहित्य की सभी विधाओं में अपनी छाप छोड़ रही है। लेखक अब कुमाउनी भाषा को कहानियां, निबंध, यात्रा वृतांत समेत अन्य विधाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रहे हैं। विदेशों में रहने वाले कुमाऊं के लोग भी डिजिटल के माध्यम से अपनी भाषा को न केवल पढ़ पा रहे हैं बल्कि अपने बच्चों को भी कुमाउनी को सीखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इस आधुनिक दौर में लोग अपनी स्थानीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। अंग्रेजी भाषा बोलने के बढ़ते चलन के साथ राष्ट्र भाषा हिंदी समेत राज्यों में बोली जाने वाली स्थानीय भाषाएं धीरे-धीरे खत्म होती जा रही हैं। इसी को देखते हुए कुमाउनी भाषा साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति विभिन्न विधाओं में 60 से अधिक किताबें छाप चुकी है। पहरू मासिक पत्रिका कुमाऊंनी भाषा के संपादक अल्मोड़ा निवासी डॉ. हयात सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 2000 से पहले तक कुमाऊंनी भाषा में केवल कविताएं लिखी जा रही थीं। लेकिन अब साहित्य की जितनी भी विधाएं हैं उन विधाओं में कुमाउनी भाषा में लेखन हो रहा है। इतना ही नहीं कुमाउनी खंड काव्य और महाकाव्य भी लिखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज कुमाउनी भाषा में कहानियां, निबंध, यात्रा वृतांत, उपन्यास, नाटक, संस्मरण, व्यंग, समालोचना समेत अनुवाद भी लिखे जा रहे हैं।


एचएन इंटर कॉलेज में लगे किताब कौतिक में किताबें खरीदते लोग। ● अमृत विचार



किताब कौतिक के शुभारंभ अवसर पर मंचासीन लेखक। ● अमृत विचार

### विदेशों में भी पढ़ी जा रहीं कुमाउनी किताबें

**हल्द्वानी।** आधुनिक दौर में किताबों के प्रति रूझान भले ही कम होता जा रहा हो, लेकिन लोग डिजिटल के माध्यम से अपनी संस्कृति और भाषाओं को जानने के लिए उत्सुक जरूर रहते हैं। डॉ. हयात सिंह रावत बताते है कि दूसरे राज्यों और विदेशों में रहने वाले उत्तराखंड वासी डिजिटल के माध्यम से कुमाउनी भाषा में लिखी किताबों को पढ़ने में रूचि दिखा रहे हैं।

### आओ दोस्ती करें किताबों से थीम के साथ शुरू हुआ किताब कौतिक

**हल्द्वानी :** आओ दोस्ती करें किताबों से थीम के साथ हल्द्वानी के एचएन इंटर कॉलेज में दो दिवसीय किताब कौतिक का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन साहित्य प्रेमियों ने उत्तराखंड पर केंद्रित साहित्य की अच्छी खरीदारी की। इस दौरान पहाड़ हस्तशिल्प और खगोल विज्ञान के स्टॉल आकर्षण के केंद्र बने रहे। शनिवार को क्रिएटिव उत्तराखंड- कुमाऊंनी आर्काइव्स द्वारा आयोजित किताब कौतिक के पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ लोकगायिका वीना तिवारी, डॉ. प्रयाग जोशी, डॉ. तारा दत्त त्रिपाठी, गजेंद्र पांगती, भगवान सिंह सामन्त, चारु तिवारी, अरुण कुकसाल, नीरज नैथानी, डॉ. दिवा भट्ट आदि ने संयुक्त रूप से किया। किताब कौतिक में साहित्य प्रेमियों ने बाल साहित्य, विश्व साहित्य, आध्यात्मिक और उत्तराखंड पर केंद्रित साहित्य की खरीदारी की। कार्यक्रम के दौरान कुसुम पांडे ने वॉल पेंटिंग की कार्यशाला और शिवालिक टीम द्वारा विज्ञान कार्यशाला करवायी गई। किताबों के अतिरिक्त पहाड़ के जैविक उत्पाद, ड्रोन और अन्य कई आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम आयोजक हेम पंत और दयाल पांडे ने बताया कि पहले दिन 75 प्रकाशकों की लगभग 80 हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध रहीं।

# कपल गेम व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**आयोजन**

▸▸ भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा के चुनाव हुए

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद ने शनिवार को हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। होली कार्यक्रम में कपल गेम, विभिन्न नृत्य कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रेनू बिष्ट ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। सामूहिक नृत्य प्रस्तुति में रश्मि, ममता, श्यामली, कनिका आदि ने भाग लिया। सदस्य सुजाता माहेश्वरी के निर्देशन मे रंगारंग कार्यक्रम हुए। होली कार्यक्रम के साथ ही भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा के चुनाव भी संपन्न हुए। इससे पहले प्रांतीय संगठन सचिव डॉ. विनय खुल्लर, चुनाव प्रभारी मनोज अरोरा, दीपक माहेश्वरी, रश्मि जैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष के पद पर दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा और कोषाध्यक्ष हितेंद्र उप्रेती को चुना गया। इस मौके पर राजेश अग्रवाल, दीपक बिष्ट, ममता खुल्लर, रेणुका, संजय गर्ग, अनुज माहेश्वरी, विकास रत्न राहुल वार्ष्णेय, नीरज रेनू शारदा,आलोक, अरुणा सक्सेना संजय जैन आदि उपस्थित रहे।









## सार संक्षेप

### कंचन राज्य महिला आयोग में सदस्य नामित


कंचन कश्यप

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी निवासी कंचन कश्यप को महिला आयोग में सदस्य नामित करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताकर उन्हें बधाई दी है। बीती शुक्रवार को उत्तराखंड शासन ने राज्य महिला आयोग में सदस्यों को नामित कर उनकी घोषणा कर दी थी। राज्य महिला आयोग में 14 सदस्यों को नामित किया गया है। नामित सदस्यों में ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष हल्द्वानी निवासी कंचन कश्यप भी शामिल हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हें कश्यप और राकेश गिरी ने उन्हें बधाई दी।

### स्पेक्ट्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम


स्पेक्ट्रम कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**भीमताल :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव स्पेक्ट्रम 2024 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। तीसरे दिन के मुख्य अतिथि वीर माधव सिंह भंडारी, उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान खेलकूद व ऐपण प्रतियोगिता, कुमाउनी नृत्य, नुक्कड़ नाटक, रोबोटिक आदि प्रमुख आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष प्रो. बीएस बिष्ट, निदेशक प्रो. बीके सिंह, कुलसचिव डॉ. हेमचंद पांडे, संदेश त्रिपाठी, अभय शर्मा, नितिन चिमवाल, नीरज बिष्ट मौजूद रहे।

### विशेषज्ञों ने छात्रों को दी निवेश संरचनाओं की जानकारी



कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**भीमताल :** प्रबंध अध्ययन विभाग भीमताल में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) की ओर से आयकर विभाग व एक्सिस बैंक ने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें एनआईएमएस के विशेषज्ञों ने छात्रों को म्युचुअल फंड निवेश के तरीके और विभिन्न निवेश संरचनाओं के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञ डॉ. अंकुर भटनागर ने छात्रों के साथ समन्वय स्थापित कर पीपीटी प्रस्तुति तथा चित्र माध्यम से वित्तीय संबंधी समस्याओं का समाधान किया। बाजार में निवेश करना आम आदमी के लिए कितना उपयोगी हो सकता है इस विषय में व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रो. एलके सिंह, प्रो. अमित जोशी, डीआर पंत, डॉ. आशीष बिष्ट, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. प्रतिभा पंत, डॉ. अनीता तिवारी, डॉ. ज्योति पांडे, डॉ. अमरप्रीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार, दिग्विजय सिंह बिष्ट, रोहित चतुर्वेदी, दीनदयाल सिंह खाती, महक जोशी आदि मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं को पेयजल बिलों की वृद्धि पर राहत


जल संस्थान के अधिशासी अभियंता के साथ बैठक करते लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर :** पंपापुरी दुर्गापुरी भरतपुरी क्षेत्र के लोगों ने पेयजल मूल्य वृद्धि के विरोध में पेयजल संस्थान पर पूर्व सचिव छात्र संघ नवीन सुनेजा के नेतृत्व में नारेबाजी की गई। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार एवं पेयजल संस्थान रामनगर क्षेत्र के सहायक अभियंता गौरव आर्य ने पेयजल उपभोक्ताओं के साथ बैठक की। इसमें पूर्व सचिव छात्र संघ नवीन सुनेजा ने कहा कि पेयजल विभाग द्वारा बार-बार पेयजल के मूल्य में वृद्धि की जा रही है। अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने कहा कि जल्द दो कैंपों का आयोजन सोमवार को पम्पापुरी और दुर्गापुरी, भरतपुरी में जल्द ही किया जाएगा। इसमें पेयजल बिलों में संशोधन किया जाएगा। साथ ही साथ 5 साल से छोटे बच्चों को पेयजल बिल में छूट दी जाएगी।

### विधायक कैड़ा ने किया डामरीकरण कार्य का शुभारंभ


निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक कैड़ा व अन्य। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल आमडाली से भीमताल विनायक-पदमपुरी- धारी-धानाचुली पहाड़पानी मोतियापाथर मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 17 करोड़ और काठगोदाम से हैडाखान लुगड-खनश्यू मोटर मार्ग पर सुरक्षात्मक कार्य व डामरीकरण के लिए 21 करोड़ शासन से स्वीकृति होने के बाद शनिवार को आचार सहिता लगने से पहले भीमताल के पसोली व विनायक में डामरीकरण, पुन: निर्माण, सुरक्षात्मक कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डामरीकरण व सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा। कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के दोनों मोटर मार्ग के अत्यधिक खराब होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, योगेश तिवारी, कमलेश रावत, अनिल चनोतिया, चिराग बोरा, निखिल महतोलिया, नित्यानंद भट्ट, नितिन राणा आदि मौजूद रहे।

### 2016 के बाद कॉर्बेट पार्क में नहीं दिखा लकड़बग्घा



**रामनगर :** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में 2016 के बाद से लकड़बग्घे की उपस्थिति पार्क में नहीं पाई गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि कॉर्बेट पार्क से लगते तराई क्षेत्रों में इस प्रजाति की उपस्थिति हो सकती है। इसको लेकर सीटीआर में शोध चल रहा है और जंगल में लगे ट्रैप कैमरे खंगाले जा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी बताते हैं कि आज से 50 वर्ष पहले कॉर्बेट पार्क में इनकी संख्या थी, जो कि धीरे-धीरे कम होती गई। लकड़बग्घे मरचूला के जंगल, ढेला, मोरघट्टी, पाखरो आदि क्षेत्रों में 2016 तक दिखाई दिए। 2015 में कॉर्बेट लैंडस्केप के वहीं रामनगर वन प्रभाग के देचौरी रेंज के पवलगढ़ में एक पर्यटक को लकड़बग्घा दिखाई दिया था। इस विषय में कॉर्बेट पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि लकड़बग्घे की उपस्थिति तराई क्षेत्रों में पाई जाती है। इसमें दुधवा टाइगर रिज़र्व, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व में उसकी उपस्थिति दिखाई दी है।

# डॉन परेवा में घर के पास दो सगे भाई बेहोश मिले

संवाददाता, रामनगर

**मामला**

- बच्चों की मां दो अन्य बच्चों के साथ फरार
- पांच दिनों से भूखे थे बच्चे, पुलिस जुटी जांच में

**अमृत विचार:** ग्राम डॉन परेवा के पास एक घर के पास शनिवार की सुबह दो सगे मासूम भाई झाड़ियों में बेहोश पड़े मिले। वहां से गुजर रही गांव की महिला हेमा देवी ने घटना की जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। महिला ने तुरंत दोनों बच्चों को 108 एंबुलेंस की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी मिलने पर इन बच्चों की वृद्ध दादी जो कि कालू सिद्ध गांव में रहती है वह भी अस्पताल पहुंच गई। दादी ने बताया कि उनके बेटे की करीब एक साल पहले मौत हो गई थी। उसके चार बच्चे हैं, जिसमें एक पुत्री भी है। चारों बच्चे नाबालिग हैं। दादी का आरोप है कि उसकी बहू पहले भी घर से कई बार भाग चुकी है। वह करीब चार या पांच दिन से अपनी एक मासूम पुत्री व एक पुत्र के साथ लापता है। वह दो बच्चों को घर पर ही छोड़ कर चली गई। दोनों बच्चे करीब चार-पांच दिन से भूखे थे। जो महिला इन बच्चों को अस्पताल लेकर आई उसका कहना था कि बच्चे झोपड़ी के पीछे पड़े हुए थे। उसने जाकर देखा तो झोपड़ी में ताला लगा हुआ था।

# जिंदगी पर भारी पड़ी लापरवाही घर पर छूट गई बीपी की गोली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**दुखद**

- पिता की मौत से पड़ी बेटी की दूसरी वर्षगांठ समारोह में खलल
- 20 अप्रैल को होना था शाखा प्रबंधक की समारोह

**अमृत विचार :** जिंदगी पर लापरवाही भारी पड़ गई। हर रोज ब्लड प्रेशर की गोली खाने वाले शाखा प्रबंधक मौत की रात दवा खाने से चूक गए और संभवतः इसी वजह से उनकी मौत हो गई। शाखा प्रबंधक की मौत के साथ ही 20 अप्रैल को दो साल की जाने जा रही बेटी नाव्या का जन्मदिवस समारोह भी टल गया। परिवार बच्ची का दूसरा वर्षगांठ धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रहा था।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नैनीताल में कार्यरत शाखा प्रबंधक तरूण गुरुरानी पुत्र ललित मोहन निवासी न्यू फ्रैंडस कॉलोनी डहरिया में रहते थे। तरुण की मौत से आहत उनके पिता ललित ने बताया कि तरुण शरीर से भारी और बीपी का मरीज था। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के लिए वो रोजना बीपी की गोली खाता था। अपने साथी सुरेश चंद्र के साथ वो लोन के एक मामले में एक पार्टी से मिलने शुक्रवार को अल्मोड़ा गया था और जाने से पहले बीपी की गोलियां घर में भूल गया। अल्मोड़ा आईएसबीटी के पास जिस होटल में दोनों रुके थे, वहां लोन वाली पार्टी भी आई थी। जो खाना खार वापस लौट गई। पिता का ऐसा अनुमान है कि होटल के कमरे का दरवाजा बंद करते वक्त तरुण की बीपी की वजह से हार्ट अटैक हुआ और वह वहीं गिर गया। जिस कमरे में तरुण रिका था, वहां शराब की खाली बोतलें मिली हैं। ललित ने बताया कि 20 अप्रैल को तरुण की बेटी की नाव्या दो साल की होने जा रही है और उसकी वर्षगांठ को लेकर परिवार खुश था, लेकिन अब वर्षगांठ समारोह नहीं हो पाएगा।

# बोर्ड की अंतिम परीक्षा से पहले 10वीं के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कोहराम**

- 15 मार्च को था पेपर, इकलौता बेटा था यश पांडे
- जहर से मौत की आशंका, दो दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत

**अमृत विचार :** अंतिम पेपर से पहले दसवीं के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र का दो दिन तक डा.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपचार चला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गायत्रीनगर कुसुमखेड़ा मुखानी निवासी प्रवीण पांडे यहां अपनी आशा कार्यकत्री पत्नी व इकलौते बेटे यश पांडे (16 वर्ष), बेटी के साथ रहते हैं।

यश इलाके के ही एक विद्यालय से 10वीं की पढ़ाई कर रहा था और 15 मार्च को यश की अंतिम परीक्षा थी। परिजनों का कहना है कि अंतिम परीक्षा से ठीक एक दिन पहले 14 मार्च को अचानक यश की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर एसटीएच पहुंचे। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। छात्र के ताऊ पीतांबर ने बताया कि यश ने 14 मार्च को परिवार के साथ खाना खाया और खाने के बाद उसे अचानक उल्टी शुरू हो गई। जहर से मौत की आशंका जाहिर की जा रही है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगा।

# हत्या के आरोपी को उम्रकैद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मोहल्ला भरतपुरी निवासी युवक की तीन साल पहले हुई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी सूरज पर दोषसिद्ध करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषी को पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई।

जशोद सिंह नेगी (35 वर्ष) पुत्र मान सिंह निवासी गांव इरवरौला, मौलेखाल सल्ट जिला अल्मोड़ा रामनगर भरतपुरी में पत्नी के साथ किराये के मकान में रहकर मजदूरी करते थे। जशोद यहां पूछड़ी गांव में 2020 से अपना मकान भी बनवा रहे थे। उन्हें पैसे की जरूरत हुई तो उन्होंने गांव फोन किया। जशोद की मां ने एक बस कंडक्टर सूरज कुमार उर्फ दानी निवासी कांठ की नाव, सल्ट के हाथ छह हजार रूपये भिजवाए। साथ ही जशोद को फोन कर सूचना दे दी। रामनगर आकर सूरज पैसा देने में आनाकानी करने लगा। 25 मई 2021 को सूरज ने जशोद को पूछड़ी में उसके निर्माणाधीन मकान में बुलवाया। जहां सूरज के साथ फईम और प्रदीप कुमार थे। सूरज ने यहां सभी को शराब पिलाई। यहां छह हजार रुपये मांगने पर सूरज ने लकड़ी से जशोद पर हमला कर दिया, जिसमें जशोद की मौके पर ही मौत हो गई। 28 मई 2023 को पुलिस ने सूरज, फईम और प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। फईम और प्रदीप कुमार चश्मदीद गवाह बन गए।

# गाभिन गाय पर धारदार हथियार से हमला

**लामबंद**

- गंभीर घायल गाय को रेस्क्यू कर हल्दूचौड़ गौशाला भेजा
- हमलावर की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** किसी ने एक गाभिन गाय पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गौ सेवकों ने आरोपी के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में तहरीर दी और आरोपी की गिरफ्तार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

पुलिस को दी तहरीर में गौ रक्षक जोगेंद्र राणा जोगी ने बताया कि गोरापड़ाव स्थित मोतीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को किसी व्यक्ति ने एक गाय के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। डॉ. तरुण गर्ग की मदद से पशुपालन विभाग के डॉ. रजनीश पाठक की गाय का उपचार और फिर गाय को हल्दूचौड़ गौशाला भेज दिया। गौ सेवकों ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शिकायत करने वालों में नवीन अत्रि, विजय जोशी, चंदन मलारा, विक्की चौरसिया, भुवन रावत, दीपांशु पोखरिया, मुकेश आर्य, नीलू कांडपाल, मुकेश भट्ट आदि शामिल थे।



कोतवाली में गाय पर हमले के विरोध में तहरीर देते गौरक्षक। ● अमृत विचार

### गाय व बैलों की मौत के कारणों की हो जांच

**हल्द्वानी :** शीशमहल स्थित गौशाला में आए दिन गाय और बैलों की मृत्यु होने के मामले में शनिवार को लोग नगर-निगम पहुंचे। लोगों ने स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल के माध्यम से नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने कहा कि गाय, बैलों की मौत के कारणों की जांच कराई जाए। कहा कि जानवर रखरखाव, भूख या फिर इलाज के अभाव में मर रहे हैं, इसकी जांच की जाए। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि आखिर किस अधिकारी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर राजेंद्र सुयाल, राजकुमार यादव, संतोष कुमार, दीनानाथ गुप्ता मौजूद रहे।

### हत्थे चढ़े स्मैक तस्कर, स्कूटी सीज कर भेजा जेल

**हल्द्वानी :** स्मैक बेचने और पीने के शौकीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने युवकों के पास से 16.35 ग्राम स्मैक बरामद की है। शुक्रवार रात मुखानी थाने के एसआई वीरेंद्र सिंह और एएसआई खीम राम टीम के साथ गश्त पर थे। वासुदेवपुरम में स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागे और हड़बड़ी में स्कूटी समेत गिर गए। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम कमलुवागांजा निवासी सुधांशु कार्की और संगम विहार निवासी शक्ति आर्या बताया। सुधांशु के पास से 16.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। शक्ति ने पूछताछ में बताया कि स्मैक हल्द्वानी निवासी मो. तस्लीम उर्फ जैकी दादा से खरीदी थी कुछ स्मैक वह पी लेते हैं और कुछ बेच देते हैं। थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर स्कूटी सीजकरदीगईहै।

### अंग्रेजी और देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** मुखानी पुलिस ने 46 पव्वे देसी और 26 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि शुक्रवार की देर रात प्रेमपुर लोश्ज्ञानी तिराहे से चाय फड़ की आड़ में शराब बेच रहे बवाली के नंगारी निवासी अमित कुमार को गिरफ्तार किया।

### 60 कनेक्शन काटे

**हल्द्वानी :** बिजली विभाग ने बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 60 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की है। 5 हजार से अधिक बिजली बिल बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए है। इधर बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बकाएदारों से वसूली के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है, जिन्हें नोटिस जारी करने के बाद ही कनेक्शन काटे जा रहे है।

### अब भवाली में लगेगा कूड़ा रिसाइकल प्लांट

**नैनीताल :** नगर के नारायण नगर क्षेत्र में लगने वाला कूड़ा रिसाइकल प्लांट लोगों के विरोध के बाद अब भवाली में स्थापित किया जाएगा। भवाली पालिका की जमीन पर नैनीताल पालिका तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्लांट स्थापित करेगी। दोनों पालिकाओं के स्तर पर प्लांट निर्माण के लिए अनुबंध भी हो चुका है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि भवाली नगर पालिका की ओर से करीब पांच नाली भूमि में कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित किया जा रहा है। उक्त प्लांट को हाईटेक कर रिसाइकल प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी सहायता के साथ ही अन्य संसाधन नैनीताल पालिका की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे। इसको लेकर भवाली व नैनीताल पालिका के बीच एमओयू साइन हो चुका है।

# दो सगी बहनें बनीं सहायक अभियंता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की दो सगी बहनों ने राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर सहायक अभियंता पद पर नियुक्ति पाई है। दोनों बहनों ने नैनीताल जीजीआईसी से इंटरमीडिएट पास किया था।

लोनिवि प्रांतीय खंड के वर्क एजेंट आनंद सिंह व गृहणी राधा की बड़ी बेटी यामिनी व छोटी बेटी गुंजन सहायक अभियंता बनी हैं। यामिनी ने हल्द्वानी के कॉलेज से बीटेक व हरियाणा के कॉलेज से एमटेक जबकि छोटी ने पंतनगर से मैकेनिकल में बीटेक किया। गुंजन ने इंटर बोर्ड परीक्षा में टॉपर सूची में स्थान पाया था।

परिवार मूल रूप से रानीखेत का निवासी है। यामिनी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर सहायक प्रोफेसर बनी थीं।


परिजनों के साथ यामिनी व गुंजन। ● अमृत विचार

**पहल** विधायक सुमित हृदयेश ने वार्ड 48 में किया शिलान्यास और लोकार्पण

# 22.75 लाख से बनेंगी सड़कें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने 22.75 लाख की सीसी सड़कों और देवी मंदिर में जनमिलन केन्द्र के सौंदर्यीकरण व उच्चीकरण का किया शिलान्यास और लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि वार्ड 48 मल्ली बमौरी, बलवंत कालोनी में सीसी मार्ग का शिलान्यास (8.27 लाख), वार्ड 37 मित्रपुरम दमुवाढूंगा में सीसी मार्ग का शिलान्यास (9.66 लाख) और शीशमहल श्रमिक बस्ती कर्नल वार्ड स्थित देवी मंदिर में जनमिलन केन्द्र के सौंदर्यीकरण औ उच्चीकरण का काम 4.82 लाख रुपये से किया जाएगा। विधायक सुमित हृदयेश ने विधिवत लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात प्रदान की। साथ ही कहा, आम जनमानस को सुगम आवागमन प्रदान करने के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो, लगातार कार्य किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया, राजू नेगी, हेम पंत, गोपाल बिष्ट मौजूद रहे।



सड़कों का शिलान्य करते विधायक सुमित हृदयेश व साथ में आम जन। ● अमृत विचार






## एक नजर

### भाजपा की सदस्यता लेने वाले युवाओं का स्वागत

**बाजपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि देश का आम जन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आतुर है। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर 'विकसित भारत' का शंखनाद हम सब भारतवासियों को करना है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश मित्तल के आवास पर बैठक हुई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं का विधायक पांडेय ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री विकास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष केलाखेड़ा महेंद्र कालड़ा, युवा भाजपा नेता अतुल पांडेय, योगेश सिंह पानू, जगदीश पांडेय, जयप्रकाश मित्तल, मोहित मित्तल, प्रवेश गिरि, रवि पाल, गुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### सीसी रोड का लोकार्पण

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन पर मंडी समिति द्वारा देवरी में 14 लाख 63 हजार की लागत से निर्मित सीसी मार्ग का लोकार्पण पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने शनिवार को किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर मुंडेला, ग्राम प्रधान सचिन राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदेश राणा आदि उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 10 साल की सजा

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**सुनवाई**

- विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- डीजीसी ने अदालत के सामने पेश किए सात गवाह

**अमृत विचार :** वर्ष 2018 में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने दस साल कठोर कारावास और चालीस हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। इस दौरान डीजीसी ने अदालत के सामने सात गवाह पेश किए और दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि थाना दिनेशपुर के रहने वाली एक महिला ने चार जुलाई 2018 को रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि सुबह छह बजे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी का अपहरण किया था। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का सुराग नहीं लगा,तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। बताया कि पुलिस द्वारा सा त जुलाई 2018 को ग्राम जाफरपुर के समीप मोहम्मद समीर निवासी गुलाब बाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद यूपी के घर से युवती को मुक्त करते हुए बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि भी हुई। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्विनी गौड़ की अदालत में शुरू हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने सात गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दुष्कर्म के दोषी को दस साल कठोर कारावास और 40 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सु नाई। साथ ही प्रदेश सरकार को पीड़िता को चार लाख रुपये प्रतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

## दुग्ध व्यापारी की मौत में चालक पर केस

**काशीपुर।** सड़क हादसे में घायल दुग्ध व्यापारी की मौत के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना क्षेत्र के चैती गांव निवासी शमशेर सिंह पुत्र गुरनाम सिंह ने बीते दिनों आईटीआई थाना में तहरीर सौंपी। जिसमें कहा कि उसका बड़ा भाई सुखविंदर सिंह (39) पुत्र गुरनाम सिंह बीती 17 फरवरी की सुबह लगभग सात बजे बाइक से आंचल दुग्ध समिति कचनाल गौंसाई से दूध लेकर आ रहा था। इसी दौरान चैती चौराहा मोड़ के पास डंपर चालक ने तेजी चलाते हुए उसकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुखविंदर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में बीती 12 मार्च को मौत हो गई थी। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि दुर्घटना का कारण बने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही डंपर को घटना वाले दिन ही अपने कब्जे में ले लिया था।

### बाजार में 925 रुपये में बिक रही, बच्चों में पिचकारियों को लेकर उत्साह

# इलेक्ट्रॉनिक वॉटर गन से होली खेलेंगे बच्चे

**संवाददाता, रुद्रपुर**


दुकान में पिचकारी व अन्य सामान खरीदते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली को त्योहार निकट आते ही कारोबारियों के चेहरे भी खिलने लगे हैं। इसके साथ ही होली का बाजार भी धीरे-धीरे सजने लगा है। छोटे कारोबारी दुकान खोलने के लिए थोक कारोबारियों की दुकान से होली के रंग के साथ ही पिचकारियां खरीदने में जुट गये हैं। वहीं इस बार इलेक्ट्रानिक वॉटर गन की खरीद सबसे अधिक हो रही है। प्रतिदिन चार से पांच वाटर गन की बिक्री हो रही है।

24 मार्च को होली जलाई जाएगी और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। इसके लिए शहर के बाजार में तेजी आने लगी है। शनिवार को सिविल लाइन स्थिति शिवाजी ट्रेडर्स के स्वामी रमेश कुमार ने बताया कि इस बार भी हाथरस, छत्तीसगढ़, रायपुर से पिचकारियां मंगाई गयी है। इस वर्ष रेटों में पिछले वर्ष की अपेक्षा कोई अंतर नहीं आया है। समान रेट में ही पिचकारियां और होली के रंग मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाटर गन आयी है। इसकी काफी डिमांड भी है। इसे चार्ज करने में मात्र आधा घंटा लगता है। बाजार में इसकी कीमत 925 रुपये हैं। इसके अलावा प्रेशर गन, स्पाइडर टैंक, यूनियन कैन आदि पिचकारी के अलावा हर्बल गुलाल, फैंसी पम्प, सिलेंडर, कलर बॉक्स शाइन गुलाल, गुलाल स्प्रे, तोता कलर, हर प्रकार के रंगों की खरीद छोटे कारोबारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फैंसी पंप की कीमत 40 से 60 रुपये, कलर सिलेंडर पिचकारी 800 से 1100 रुपये में मिल रही है। जबकि हर्बल रंग 120 रुपये से 150 रुपये में मिल रहा है।

# उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों का रखें विशेष ध्यान : सीएमओ

### अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में करें मॉनिटरिंग, समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता, रुद्रपुर**


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने सभी विकासखंड स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मॉनिटरिंग करें और सभी कार्यों को समय से पूर्ण करें।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह निर्देश कार्यालय के सभागार में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र मालिक ने मातृ मृत्यु और बाल मृत्यु के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के लाभ गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश आर्य ने प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण किए जाने एवं टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के दौरान सभी गांव व ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त किए जाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण समय से करने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत पर गहनता से चर्चा की गई। साथ ही लाभार्थी को समय से आयरन की गोलियों दिए जाने और एनीमिया होने पर समय से उपचार दिए जाने एवं फॉलोअप किए जाने के निर्देश दिए। डाटा का प्रस्तुतीकरण जिला डाटा प्रबंधक चांद मियां ने किया। इस अवसर पर सभी विकास खंडों से आए चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## नौ पदों के लिए 39 नामांकन पत्र खरीदे

**खटीमा।** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री के अंतिम दिन तक कुल 32 संभावित प्रत्याशियों ने 39 नामांकन पत्र खरीदे। जिनमें कुछ सभावितों ने दो-दो और एक ने दो पदों के लिए नामांकन पत्र खरीदा है। प्रत्याशी सोमवार से नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे।

खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री शनिवार को बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि उपसचिव पद के लिए सर्वाधिक चार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए तीन-तीन जबकि कोषाध्यक्ष, लेखा परीक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए दो-दो संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

उन्होंने कहा कि सदस्य पद के लिए चार महिलाओं सहित 10 संभावितों ने नामांकन पत्र खरीदा है। यह भी कहा की सोमवार 18 से 20 मार्च तक नामांकन पत्र जमा कराए जा सकेंगे। मतपत्रों की जांच 21 और 22 मार्च को नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# शिवानी व विद्या का ग्रुप अव्वल


सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपने-अपने मॉडल के साथ प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**मॉडल प्रतियोगिता**

- प्रतियोगिता में 10 छात्र-छात्राओं के समूहों ने भाग लिया
- वनस्पति विज्ञान परिषद ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार :** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर योगेश पांडेय, उपाध्यक्ष पद पर प्रिया दास, सचिव पद पर तनीशा चावला, संयुक्त सचिव पद पर मोहित सिंह मेहरा और कोषाध्यक्ष पद पर करन का चयन किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय में नव निर्वाचित वनस्पति विज्ञान परिषद 2023-24 की ओर से निबंध एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निबंध प्रतियोगिता में 11 छात्र-छात्राओं एवं मॉडल प्रतियोगिता में 10 छात्र-छात्राओं के समूहों ने भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पादपों के वाणिज्यिक महत्व पर सुंदर एवं आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनीशा चावला, द्वितीय स्थान पूजा मौर्य और तृतीय स्थान करन ने प्राप्त किया। इसी तरह मॉडल प्रतियोगिता में शिवानी टम्टा और विद्या विश्वकर्मा के ग्रुप ने पहला, गितिका रानी, तनीशा चावला व स्मृति छाबड़ा के ग्रुप ने दूसरा और प्रियंका लोहानी, प्रिया दास, प्रमिला के ग्रुप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में रसायन विज्ञान के डॉ.भारत पांडे, जंतु विज्ञान के डॉ.रवीश त्रिपाठी और भौतिकी विज्ञान विभाग से डॉ. हेमचंद्र पांडे शामिल रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.डीसी पंत, वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो.ऐके पालीवाल, डॉ.शलभ गुप्ता समेत कई प्रोफेसर मौजूद रहे।

# दिनेशपुर में अफीम की खेती करने पर गिरफ्तार


दिनेशपुर में अफीम की अवैध खेती की जांच करते नायब तहसीलदार व पुलिस टीम।

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार :** ग्राम चण्डीपुर में टीम ने छापा मारकर 507 वर्ग फीट भूमि पर अवैध रूप से अफीम की खेती करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

शनिवार को नायब तहसीलदार सुरेश चंद्र व थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने टीम के साथ ग्राम चण्डीपुर में स्फैक्स कंपनी के पीछे छापा मारा। अवैध अफीम की खेती कर रहे परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार किया। तहसीलदार ने बताया कि उक्त भूमि प्यारे सिंह पुत्र गुरताल सिंह के नाम है। उनके पुत्र परमजीत उर्फ पम्मा द्वारा अवैध अफीम की खेती की जा रही थी। तहसीलदार की मौजूदगी में टीम ने अफीम के हरे पौधे, फूल व फल सहित 76 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। परमजीत उर्फ पम्मा के खिलाफ मामला पंजीकृत किया।

# गन्ने की जैविक खेती को प्रेरित किया

**संवाददाता, किच्छा**


किच्छा में गोष्ठी में चर्चा करते अधिकारी एवं किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गन्ना विकास परिषद किच्छा के सहयोग से गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर के तत्वावधान में निकटवर्ती ग्राम राघव नगर में ग्राम स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसानों को फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

किसान गोष्ठी का संचालन करते हुए गन्ना किसान संस्थान काशीपुर के अनुदेशक जीवन चंद पंत ने वैज्ञानिक विधियों का अनुसरण कर गन्ना फसल की परंपरागत बुवाई पद्धति से हटकर वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई करते हुए सहफसल का समावेश कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने के संबंध में किसानों को जानकारी दी। साथ ही गन्ने की जैविक खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। गन्ना शोध केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रमोद कुमार ने नवीनतम उन्नतशील गन्ना प्रजाति जैसे अगेती तथा सामान्य प्रजाति के गन्ना प्रजाति एवं जल पलवित क्षेत्र के लिए अन्य प्रजाति के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधियों, पोषक तत्व, प्रबंधन, गन्ने की उत्पादन बढ़ाने की विधियों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न किट दीमक, टॉप बोरर, कुरमुला की पहचान एवं उनकी रोकथाम तथा गन्ना फसल में लगने वाले रोग लाल सड़न, स्मर्ट व पोखा बोइंग आदि की पहचान एवं उसकी रोकथाम के बारे में अवगत कराया। किच्छा के जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद ने विभागीय योजनाओं, विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान एवं गन्ना किसानों के हित में किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर भूपेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव, विनोद कुमार, राम ध्यान प्रसाद, स्वामीनाथ, उदयभान, ओमप्रकाश चौबे, घनश्याम चौरसिया, नंद जी यादव के अलावा गन्ना पर्यवेक्षक रविशंकर कांडपाल, सूर्य प्रताप सिंह, महेश चंद्र, सुधीर कुमार, कमल सिंह, गंगा दत्त आदि मौजूद रहे।

**योजना** | काशीपुर में सबसे अधिक वायु प्रदूषण, कारणों का पता लगाकर स्थिति सामान्य बनाने की कोशिश करेंगे

# बढ़ते वायु प्रदूषण के कारणों का हो रहा अध्ययन

**राजू वर्मा, काशीपुर**

**अमृत विचार:** जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। हवा की शुद्धता को सुधारने की योजना पर काम हो रहा है। इसके लिए विशेषज्ञों की टीम वायु प्रदूषण के सटीक कारणों का पता लगाने को अध्ययन कर रही है। एयर क्वालिटी बेहतर करने की शुरूआत काशीपुर से ही होगी।

ऊधमसिंह नगर जिले में 15 सौ से अधिक उद्योग लगे हैं। कई जगहों पर निर्माण कार्य चल रहा है, वाहनों की संख्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अभी तक इन्हीं वजहों का वायु प्रदूषण का कारण माना जाता था, लेकिन कहां से कितना प्रदूषण हो रहा है, इसकी जानकारी नहीं थी। पीसीबी के अधिकारी दिल्ली की एक संस्था के साथ वायु प्रदूषण की सही वजह खोजने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि रुद्रपुर से अधिक वायु प्रदूषण काशीपुर में होता है। जिले के बाद विशेषज्ञ प्रदेश में हवा की शुद्धता सुधारने पर काम करेंगे।

**इन कारणों पर हो रहा शोध**

वाहनों की आवाजाही, जीवाश्म ईंधनों के अधूरे जलने, औद्योगिक गतिविधियां, जंगल की आग, कचरे को खुले में जलाना, कृषि संबंधित गतिविधियां, रासायनिक, सिंथेटिक उत्पादों का उपयोग आदि पर शोध किया जा रहा है।

**जिकजेक प्रणाली हो रही कारगर**

काशीपुर में सेंसर के जरिए वायु प्रदूषण का पता लगाया जा रहा है। एम10, 120 .30 पहुंच गया है। हालांकि अधिकारियों के अनुसार एम10 और बढ़ सकता है। बताया कि जिकजेक प्रणाली लागू होने से जिले के 54 ईंट भट्ठे मानकों के अनुरूप चल रहे हैं। इससे वायु प्रदूषण का खतरा कम हुआ है। पहले ईंट भट्ठों में ईंटें पकाने के लिए प्लास्टिक, टायर, लकड़ी आदि का इस्तेमाल होता था। इससे प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा था।

> वायु की शुद्धता को बेहतर करने के लिए शोध किया जा रहा है। किस वजह से कितना प्रदूषण हो रहा है, इसका सटीक पता लग जाएगा। जिकजेक प्रणाली से हवा की शुद्धता सुधारने की दिशा में मदद मिली है।
>
> **-नरेश गोस्वामी**, क्षेत्रीय अधिकारी, पीसीबी, काशीपुर

## काशीपुर को बनाया जाए जिला

**काशीपुर।** जन जीवन उत्थान समिति ने सीएम से काशीपुर को जिला बनाने की मांग की। शनिवार को समिति अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की काशीपुर को जिला बनाने को लेकर लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि काशीपुर के जिला बनने से कई जगहों पर विकास होगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### महिला सहित पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने महिला समेत पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आईटीआई पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर केशवपुरम निवासी कलुआ पुत्र रघुनाथ, श्यामपुरम निवासी सचिन पुत्र हरिओम महुवाखेड़ागंज निवासी बाबू अली पुत्र हमीदुल्ला व शंकरपुरी निवासी शशिबाला पत्नी जगत सिंह के अलावा सुल्तानपुर पट्टी टांडा बंजारा निवासी सचिन पुत्र राकेश को गिरफ्तार किया। सभी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### फरार चल रहे शराब तस्करों को दबोचा

**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे शराब, विद्युत चोरी व चेक बाउंस के आरोपियों की गिरफ्तारी की है। रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि खेड़ा वार्ड-17 निवासी हाशिम और फहीम निवासी प्रीत विहार कॉलोनी को विद्युत चोरी, रंपुरा बस्ती निवासी हरिओम, छोटे लाल को आबकारी अधिनियम और चेक बाउंस प्रकरण में, जाहिद निवासी प्रीत विहार कॉलोनी को गिरफ्तार किया है।

### नशे की पूर्ति के लिए करता था चोरी, पुलिस ने दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने एक संदिग्ध को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कटोराताल चौकी पुलिस ने नागनाथ मंदिर तिराहे के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा। जो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी पर उसके पास से पुलिस को एक चाकू मिला। आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला कटोराताल निवासी एजाज उर्फ विक्की बताया। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है। उसकी पूर्ति के लिए छोटी मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। चोरी के दौरान चाकू वह लोगों को डराने के लिए रखता है।

### तीन शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने गुरुद्वारा रोड महादेव कालोनी से कच्ची शराब बेचते खाईखेड़ा निवासी सचिन देव सिंह को गिरफ्तार कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं कुंडा थाना पुलिस ने अनाज मंडी के पिछले गेट के पास से कच्ची शराब बेचने जा रहे ग्राम सरवरखेड़ा निवासी दानिश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 लीटर शराब बरामद की। आईटीआई थाना पुलिस ने अलीगंज ठाकुरद्वारा तिराहे से दक्षिणी पैगा निवासी अजय सैनी को 70 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।



रुद्रपुर में मुख्य बाजार से होर्डिंग हटाकर ले जाती नगर निगम की टीम। • अमृत विचार


बाजपुर के नगरीय क्षेत्र में सरकारी संपत्ति से विभिन्न राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर उतरवाते अधिकारी। • अमृत विचार

# चुनाव आचार संहिता लागू होते ही हटाए जाने लगे होर्डिंग और बैनर

## शहर से विभिन्न राजनीतिक दलों व नेताओं के होर्डिंग हटाने के लिए नगर निगम की दो टीमें गठित, मतकोटा मोड़ से इंदिरा चौक तक चलाया अभियान

**सख्ती**

- विद्युत पोलों व सरकारी संपत्ति पर लगे बैनर, पोस्टर उतरवाए
- आचार संहिता का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तिथि के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। इसी के तहत नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहर में जगह-जगह होर्डिंग और बैनरों को हटाना शुरू कर दिया है। इसके लिए निगम की ओर से दो टीमें गठित की गयी हैं।

शनिवार को दोपहर बाद लोकसभा चुनाव की तिथि और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नगर निगम में बैठक आयोजित हुई। इसमें शहर में जगह-जगह लगे होर्डिंग्स और बैनरों को हटाने के लिए दो टीमों का गठन किया गया। इसमें एक टीम निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी के नेतृत्व में गठित हुई। इस टीम ने मुख्य बाजार समेत नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग से होर्डिंग और बैनरों को हटाया।

वहीं दूसरी टीम नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल के नेतृत्व में गठित हुई। इस टीम ने मतकोटा मोड़ से लेकर इंदिरा चौक तक जगह-जगह होर्डिंग और बैनरों को हटाया। कार्रवाई के बाद सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव और आदर्श आचार संहिता के चलते यह कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई तब तक की जाएगी जब तक बाजार से होर्डिंग्स और बैनर नहीं हट जाते।


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी। • अमृत विचार

### आपदा प्रबंधन कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित

**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए ऊधमसिंह नगर में निर्वाचन कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गयी है। कंट्रोल रूम जिला कार्यालय के आपदा प्रबंधन कक्ष में बनाया गया है। कंट्रोल रूम का जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम से किसी भी प्रकार की जानकारी ली जा सकती है, इसके लिए दूरभाष नंबर-05944-250222, 250481, 250500, 250501 एवं टोल फ्री नंबर -1950 जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इन नंबरों में फोन कर सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल 24x7कार्य करेगा। इसके संचालन के लिए 24 घंटे कार्मिकों की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


रामनगर रोड से चुनाव प्रचार सामग्री हटाते नगर निगम कर्मी। • अमृत विचार

### बाजपुर में प्रशासनिक गतिविधियां तेज

**बाजपुर।** आचार संहिता लागू होते ही प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। देर सायं स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में विद्युत पोलों व सरकारी संपत्ति पर लगे बैनर, पोस्टरों को उतरवाया गया। शनिवार की सायं उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी की अगुवाई में राजस्व, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका परिषद एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने नगरीय क्षेत्र के साथ ही बरहैनी, बन्नाखेड़ा, दोराहा, बेरिया, सुल्तानपुर पट्टी समेत ग्रामीण क्षेत्र में भी अभियान चलाकर विद्युत पोलों व सरकारी जगह, भवन आदि पर लगे विभिन्न राजनैतिक दलों के बैनर, पोस्टर, झंडे इत्यादि सामग्री को उतारा गया। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने बताया कि अगले 48 घंटे में समस्त बस अड्डा, सिमनेमा एवं ऐसे सार्वजनिक स्थान जो विभिन्न मार्गों व सरकारी इमारतों के रूप में स्थित हैं उन पर लगे पोस्टर-बैनर आदि हटवा दिए जाएंगे। इसके अलावा 72 घंटे में निजी प्रतिष्ठानों, भवनों आदि से प्रचार सामग्री हटाई जाएगी। इसके अतिरिक्त बाहरी क्षेत्रों से चुनाव को प्रभावित करने के लिए आने वाली सामग्री की जांच के लिए एफएसटी टीमों का गठन किया गया है जिन्हें प्रदेश के बार्डर क्षेत्र दोराहा, मसवासी, लोहिया पुल आदि में राज्य की सीमाओं पर तैनात किया गया है, जोकि इन सीमाओं पर 24 घंटे तैनात रहेंगी। इसी प्रकार आंतरिक तीन टीमें मुख्यालय, बन्नाखेड़ा व नदी पार कुंडेश्वरी क्षेत्र में तैनात की गई हैं। विभिन्न पार्टियों के होने वाले विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में परमिशन आदि चेक करने के लिए सर्विलांस टीमों का भी गठन किया गया है। 64-बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में बाजपुर-काशीपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत 100 भवनों में 174 बूथ बनाए गए हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र को दो जोन, 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है। कुल एक लाख 58 हजार से भी अधिक मतदाता हैं। इस मौके पर सीओ अन्न राम आर्य, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता राजेश पैंतोला, एसआई कैलश चंद्र नगरकोटी, एसआई देवेंद्र मनराल, नगरपालिका के कैलाश चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

### काशीपुर में 100 से अधिक चुनाव प्रचार सामग्रियां हटाईं

**काशीपुर।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद आचार संहिता लागू हो गई। इस दौरान नगर निगम की टीम ने भी शहर भर में लगे राजनीतिक दलों की होर्डिंग और अन्य प्रचार सामग्री हटाना शुरू कर दिया है। देर शाम तक चले अभियान के तहत नगर निगम टीम ने 100 से अधिक होर्डिंग व बैनर हटाए। शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीख के बाद नगर निगम प्रशासन भी हरकत में आ गया और निगम की 6 टीम शहरभर में लगे राजनीतिक पार्टियों की प्रचार सामग्री हटाने में लग गई है। देर शाम तक निगम की टीम ने मुख्य बाजार, एमपी चौक, रतन सिनेमा रोड, रेलवे स्टेशन रोड, टांडा तिराहा, रामनगर रोड, मुरादाबाद रोड आदि स्थानों से 100 से अधिक बैनर होर्डिंग हटाएं। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि आचार संहिता लागू होते ही नगर निगम क्षेत्र से राजनीतिक दलों के प्रसार प्रचार संबंधी सामग्री हटाना शुरू कर दी है। वहीं उन्होंने आचार संहिता का पालन करने की सख्त चेतावनी भी दी और चुनाव से संबंधी किसी भी प्रकार के बैनर व होर्डिंग लगाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।


खटीमा में बैनर व पोस्टर उतरवाने में जुटे नगर पालिका के कर्मचारी। • अमृत विचार

### सितारगंज, पीलीभीत और मेलाघाट रोड से भी पोस्टर हटाए

**खटीमा।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव आयोग और इसमें लगे कर्मचारी हरकत में आ गए। उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के निर्देशन में नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मुख्य मार्गों पर लगे बैनर पोस्टरों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। शनिवार अपराह्न तीन बजे मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा की गई। चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के साथ ही एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के कर्मचारियों द्वारा में नगर के सितारगंज, टनकपुर, पीलीभीत और मेलाघाट रोड पर लगाए गए बैनर पोस्टरों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया। इस अभियान में विजय सिंह राणा, विजय कुमार, खुशबुद्दीन खान, संजय कुमार आदि शामिल रहे।

# रैली और वाहन के लिए लेनी होगी पूर्व अनुमति


राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों संग बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

**बैठक**

- राजनीतिक पार्टियां व प्रत्याशी आपत्तिजनक टिप्पणी से बचें और आयोग व संविधान का पालन करें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। आचार संहिता का निर्वहन कर प्रचार करें। रैली, वाहन, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, चिकित्सालयों आदि के प्रचार के लिये उपयोग प्रतिबन्धित होगा।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां व प्रत्याशी आपत्तिजनक टिप्पणी से बचें और आयोग व संविधान का पालन करें। एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एलएमटी टीमों को सभी राजनैतिक दल सहयोग करें। ईवीएम, कार्मिक, रैंडमाइजेशन व ईवीएम को स्ट्रॉंग रूम तक लाते-ले जाते समय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सोशल मीडिया प्रचार से पूर्व एमसीएमसी से प्रमाणन कराना होगा। डीएम ने कहा कि आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक सम्पत्ति पर प्रचार सामाग्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा, निजी सम्पत्ति पर प्रचार सामाग्री लगाने के लिये सम्बन्धित की अनुमति लिखित रूप से अनिवार्य होगी। स्टार प्रचारकों के आने से पूर्व सभा स्थल, रैली व हैलीपैड की समय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रचार वाहनों की अनुमति अनिवार्य होगी व अनुमति वाहन के मुख सीसे पर चस्पा कराना भी अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता व निर्वाध सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अशोक कुमार जोशी, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, जिला कार्यालय मंत्री गजेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री भाजयुमो भाजपा विपिन सिंह, कांग्रेस महानगर सचिव मनोज कुमार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष आप धर्मेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## दो टेंपो की भिड़ंत में महिला कर्मचारी का हाथ कटा

**रुद्रपुर।** सिडकुल चौकी इलाके में ड्यूटी पर जाते समय एक महिला का सड़क हादसे में हाथ कट गया। बताया जा रहा है कि टेपों की आपसी भिड़ंत में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

ट्रांजिट कैंप की रहने वाली नन्ही देवी सिडकुल की एक कंपनी में काम करती है। बताया जा रहा कि शुक्रवार की सुबह रोजमर्रा की भांति महिला काम पर जाने के लिए टेंपो पर बैठी। अचानक तेज गति से आ रहे दूसरे टैपों ने टेंपो को साइट मार दी, जिससे हाथ बाहर निकालकर बैठी महिला का हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

# छह निरीक्षक और 25 दरोगाओं के तबादले

**बदलाव**


- एसएसपी ने तबादला हुए अधीनस्थों को तत्काल नवीन तैनाती में आमद कराने का आदेश दिया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही आचार संहिता प्रभावी होने से पहले एसएसपी ने जिले के छह निरीक्षक और 25 उप निरीक्षकों के तबादले कर दिए हैं। साथ ही आदेशित किया कि स्थानांतरित अधिकारी जल्द अपनी नवीन तैनाती के लिए रवाना हो जाएं।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी द्वारा जारी सूची के आधार पर जीतो कांबोज को पुलिस लाइन से प्रभारी एएचटीयू, जगदीश ढकरियाल को पुलिस लाइन से डीआरबी प्रभारी पुलिस कार्यालय, आशुतोष कुमार को प्रभारी जसपुर से प्रभारी निरीक्षक काशीपुर, मनोज रतूड़ी को काशीपुर से प्रभारी निरीक्षक बाजपुर, मनोहर दसौनी को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक खटीमा, हरेंद्र चौधरी को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक जसपुर के अलावा पुलिस लाइन से दरोगा दीपक कौशिक, चंद्र सिंह को कोतवाली रुद्रपुर स्थानांतरित किया। अर्जुन सिंह को किच्छा, जगत शाही को ट्रांजिट कैंप, हरीश महर को केलाखेड़ा, संतोषी को झनकईया, लोकेश रावत को दिनेशपुर, नवीन चंद्र जोशी को थाना कुंडा, अनिल जोशी को थानाध्यक्ष दिनेशपुर से थानाध्यक्ष झनकइया, नंदन सिंह रावत को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष दिनेशपुर, रविंद्र बिष्ट को थानाध्यक्ष झनकइया से थानाध्यक्ष पुलभट्टा और जसवीर सिंह चौहान को एसएसआई बाजपुर से थानाध्यक्ष गदरपुर बनाया।



## एक नजर

### स्वयंसेवियों ने रैली से दिया मतदान करने का संदेश

**जसपुर।** आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज किशनपुर जसपुर के एनएसएस के स्वयंसेवियों की ओर से शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नादेही में प्रातः कालीन प्रार्थना लक्ष्यगीत, समूह गीत आदि के साथ कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ किया। उसके बाद स्वयंसेवियों के द्वारा नादेही ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया और देशहित में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज के सचिव इंजीनियर विनय चौहान, डॉ. रवि कुमार, डॉ. भुवनेश कुमारी, प्रेमलता (आंगनबाड़ी) डॉ. अशोक दत्त नौटियाल, सुभाष चंद्र, राजवीर सिंह विवेक कुमार चौहान, शिवानी, दीपक कुमार चौहान, प्रीति आदि मौजूद रहे।

### हरेंद्र सिंह चौधरी बने जसपुर के नए कोतवाल


हरेंद्र सिंह।

**जसपुर।** कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह का स्थानांतरण हो गया। उन्हें काशीपुर भेजा गया है। हरेंद्र सिंह चौधरी को जसपुर का नया कोतवाल बनाया गया है। वे शीघ्र ही कार्य भार ग्रहण करेंगे।

# बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने पर खुला चोरियों का राज, दो पकड़े

## चेकिंग के दौरान चोरी की तीन बाइकें भी बरामद, चोरी के मामले में आरोपी पहले में भी जेल जा चुके

शिकंजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को चोरी की तीन बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

प्रतापपुर चौकी पुलिस ने रामनगर रोड पर एसआरएफ फैक्ट्री के पास चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो युवकों को आते देखा। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो दोनों युवक पुलिस को देखकर घबराकर बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस ने उन्हे दौड़कर पकड़ लिया। बाइक के कागजात मांगने पर दोनों टालमटोल करने लगे। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की होने की बात कबूली। वहीं पुलिस ने बाइक का इंजन नंबर व चेचिस नंबर का मिलान भी किया। आरोपियों ने अपना नाम कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी मलखान सिंह और कमल सिंह बताया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग जगहों से चोरी की गई दो अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद कीं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया।


चोरी की तीन बाइक सहित गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

### पांच से अधिक मुकदमे, हिस्ट्रीशीटर घोषित करने की तैयारी

चोरी की तीन बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपी मलखान सिंह और कमल सिंह काफी शातिर हैं। दोनों पर कोतवाली पुलिस ने पूर्व में भी मुकदमे दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी बाइक चोरी के आरोप में पूर्व में भी जेल जा चुके हैं और मलखान सिंह जमानत पर चल रहा था। आरोपी मलखान पर काशीपुर कोतवाली में पांच और कमल पर दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों को हिस्ट्रीशीटर घोषित करने की तैयारी कर रही है।

### नशे की पूर्ति और शौक के लिए करते थे चोरी

आरोपी मलखान सिंह और कमल सिंह के पास से पुलिस ने तीन चोरी की बाइक बरामद की हैं। दोनों पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति और अपने शौक व खर्चों को पूरा करने के लिए बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

### शादी समारोह में खड़ी बाइकें थीं निशाने पर

पुलिस के अनुसार आरोपी बाइक चोरी करने से पूर्व उसकी रेकी करते थे और सुनसान व शादी समारोह में खड़ी बाइक को निशाना बनाते थे। जिसे वह मौका पाकर यूपी क्षेत्र में बेच देते थे।

"बाइक चोरी के आरोप में दो शातिर लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनका आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।

**-आशुतोष सिंह,** कोतवाल, काशीपुर

### फैक्ट्री के पास मिला युवक का शव

**काशीपुर।** रामनगर रोड पर एक युवक का शव नाले के पास संदिग्ध स्थिति में पड़ा मिला। शनिवार को प्रतापपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर रोड पर सड़क किनारे नाले के पास एक अज्ञात शव लोगों को दिखा, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव के पास से मिले पहचान पत्र से उसकी शिनाख्त अल्ली खां निवासी 28 वर्षीय सलमान सैफी के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार कुछ दिन पहले ही युवक दिल्ली से लौट कर आया था और नौकरी तलाश में था। शुक्रवार की रात वह कुछ देर आने की बात बोलकर घर से निकला था, लेकिन पूरी रात घर नहीं आया। जिसके बाद परिजन उसे तलाश रहे थे और बाद में मौत की सूचना मिली।

### अवैध खनन में टैक्टर ट्रॉली सीज

**खटीमा।** सत्रहमील पुलिस ने ग्राम टेढ़ाघाट में बिना अनुमति के अवैध रूप से खनन ढूलान में लिप्त टैक्टर ट्रॉली को पकड़ा जबकि पुलिस को देखकर खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गए। पुलिस ने टैक्टर ट्रॉली को कब्जे लेकर सीज कर दिया है। इस मौके पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, कांस्टेबल रवि कुमार, हरेंद्र थापा, विपिन कुमार आदि थे।

## सार-संक्षेप


ग्रामीण को भूमिधरी अधिकार के पट्टे सौंपते उप जिलाधिकारी व तहसीलदार।

### 31 परिवारों को भूमिधरी अधिकार के पट्टे बांटे

**शक्तिफार्म।** उप जिलाधिकारी सितारगंज ने शक्तिफार्म क्षेत्र के विभिन्न ग्रामसभा के 31 परिवारों को भूमिधरी अधिकार के पट्टे बांटे। नगर पंचायत में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सितारगंज रविंद्र जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने वर्ग 8 के गोविंद नगर के नौ, सुरेंद्रनगर के चार, बैकुंठपुर के चार, देवनगर के पांच, राजनगर, निर्मल नगर, रुद्रपुर के दो-दो, टैगोर नगर, गुरुग्राम, अरविंद नगर के एक-एक परिवार को भूमिधरी अधिकार के पट्टे सौंपे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, अजय जायसवाल, मयंक अग्रवाल, विश्वजीत हालदार संजय बाछाड़, रवि मजूमदार, उमाशंकर द्विवेदी आदि मौजूद थे।


गदरपुर में छात्र-छात्राओं को संबोधित करतीं ईडीपी सदस्य मंजूलिका राठौर।

### महाविद्यालय में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गदरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय ईडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर- शर्मिला सक्सेना एवं मंजूलिका राठौर ईडीपी सदस्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रथम बैच के महाविद्यालय 40 पंजीकृत छात्र-छात्राएं एवं पांच अन्य प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ हरि प्रसाद, डॉ तनुजा परिहार, प्रभजोत कौर, सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### जिला स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 31 से


अजय तिवारी।

**किच्छा।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंडर-19 पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन 31 मार्च से किया जाएगा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि अंडर-19 पुरुष वर्ग की क्लब और अकादमी की टीम के पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मार्च है जबकि खिलाड़ियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मार्च है। उन्होंने बताया कि जिला ऊधम सिंह नगर के अंडर-19 के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी अपने क्लब व अकादमी के माध्यम से अपना पंजीकरण कराकर जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में करीब 16 पंजीकृत क्लब व अकादमी की टीमों के प्रतिभाग करने की संभावना है।

# बुक्सा समाज का अभिन्न अंग

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर बाबू सिंह तोमर को उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग में सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

शनिवार को कार्यक्रम में सरकार द्वारा बाबू सिंह तोमर को उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान बाबू सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि बुक्सा जनजाति समाज का एक अभिन्न अंग है उन्होंने कहा बाबू सिंह तोमर उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य के रूप में अनुसूचित जनजाति के हितों में कार्य करेंगे। बाबू सिंह तोमर को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, बीडीसी सदस्य गुरमेल सिंह, सुभाष गुंबर, अशोक हुडिया, परमजीत पम्मा, अनिल जेटली, लक्ष्मण सिंह, दीपक गोस्वामी, फूल सिंह, मदन सिंह, प्रेम सिंह पूरन सिंह, रतन सिंह, अनूप सिंह प्रधान, जसपाल सिंह, जगदीश वीरेंद्र, गोपाल सिंह, प्रताप सिंह, जगत सिंह, समीर फतेह, अनिल सिंह, ने बधाई दी।


गदरपुर में बाबू सिंह तोमर का स्वागत करते भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा।

### भाजपा की कथनी करनी में अंतर

**जसपुर।** कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने जसपुर आये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं को हवा हवाई बताया तथा मुख्यमंत्री के जसपुर आने का मकसद लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट का चुनाव प्रचार करना था। विधायक ने बजाज एजेंसी स्थित कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर यह आरोप लगाया। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री 29 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करके गये जो पूर्व से ही प्रस्तावित थीं। उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री जसपुर को रोडवेज बस स्टैंड के रूप में या खेल स्टेडियम के रूप में सौगात देंगे किन्तु उनकी विकास की घोषणा हवाई साबित हुई। प्रेस वार्ता में गजेन्द्र चौहान, आदित्य गहलौत, शैलेन्द्र गहलौत, सर्वेश चौहान, राहुल गहलौत आदि मौजूद रहे।


खटीमा में भाजपा में शामिल होने वालों का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पर के नारे को बुलंद करने के लिए एससी मोर्चा के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता दान सिंह रावत और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। वरिष्ठ भाजपा नेता रावत ने कहा कि पार्टी का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि युवाओं ने मोदी सरकार के साथ रहने का फैसला किया है। नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने बताया कि विपिन कुमार, जयपाल, आशू कुमार, मुकेश कुमार, भगवान दास, राम बहादुर, विशाल, जतिन, अजय, मनीष, कौशल, राहुल कुमार, सौरभ कुमार, रामबाबू, रोहित, दीपक, विकास कुमार, श्याम कुमार आदि ने सदस्य ली। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, संतोष अग्रवाल, नंदन सिंह खड़ायत, किशन सिंह किन्ना, रमेश जोशी, विमला मुंडेला, मोहनी पोखरिया, धाना भंडारी, इंदरचंद, रेनू भंडारी, भुवन भट्ट आदि थे।


शांतिपुरी में दुग्ध समिति का शुभारंभ करते निदेशक इन्दर मेहता व अन्य।

### नई दुग्ध समिति का शुभारंभ किया

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी खमियां नंबर चार में आनंदा डेयरी से जुड़े दुग्ध उत्पादकों ने आनंदा को छोड़ पुनः आंचल डेयरी की सदस्यता ली। शनिवार को आनंदा की ओर से संचालित डेयरी का भी आंचल डेयरी में विलय किया गया। नवनिर्वाचित दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता ने नई दुग्ध समिति का शुभारंभ किया। वहीं आंचल की नई दुग्ध समिति में पहले दिन ही 25 उत्पादकों से 125 लीटर दूध कलेक्शन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान राहुल तिवारी, अध्यक्ष त्रिलोक सिंह बिष्ट, सचिव आनन्द सिंह कोरंगा, सुपर वाइजर नवीन गरवाल, किरन माजिला, सदस्य भावना टाकुली, दीपक सिंह भाकुनी, किरन भट्ट, दरवान सिंह कोरंगा, भास्कर जोशी व स्थानीय आदि दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे।

### सलीम इदरीसी बने प्रदेश महासचिव


सलीम इदरीसी।

**जसपुर।** हिन्दुस्तान उद्योग मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद खान ने निकट मदीना मस्जिद नई बस्ती जसपुर निवासी मोहम्मद सलीम इदरीसी को व्यापार मंडल का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। इससे पहले वे संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर थे। उनकी लगन, मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए संगठन में उन्हें प्रदेश महासचिव का पद दिया गया है। वे वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के भी प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनके मनोनयन पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, जिला अध्यक्ष सुशील चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि डोगरा आदि ने उन्हें बधाई दी।

# भाखड़ा नदी पर 18 लाख से बनेगा रपटा

शिलान्यास

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** रपटा पुल बनने से सुंदरपुर और कुंदन नगर के आठ गांव के लोगों को फायदा होगा। शनिवार को ग्राम कुंदन नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान 18 लाख की लागत से भाखड़ा नदी पर बनने वाले रपटा पुल का शिलान्यास जिला योजना समिति सदस्य आमित नारंग व पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित कर योजना समिति के सदस्य अमित नारंग ने कहा कि 50 वर्ष पुरानी कुंदन नगर व सुंदरपुर के लोगों की मांग पर भाखड़ा नदी पर बनने वाले रपटा पुल को विधायक शिव अरोड़ा ने स्वीकृत कराया है। उन्होंने कहा कि कुंदननगर, केवलगंज तिलपुरी बरीराई जैसे आठ गांव को सुंदरपुर जाने के लिए दिनेशपुर होकर आना पड़ता था। रपटा पुल बनने से सुंदरपुर पंचायत घर जाने के लिए दस किलोमीटर घूमकर नही जाना पडेग़ा मात्र दो किलोमीटर से पंचायत घर पहुंच जाएंगे। पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर ने कहा कि विधायक शिव अरोड़ा का क्षेत्र का सर्वाधिक विकास करना प्राथमिकता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट महामंत्री आयुष चिलाना, जगदीश विश्वास, ग्राम प्रधान महेंद्र सैनी, सुब्रत बाछाड, अरुण खुराना, उपकार सिंह, सुरजीत सिंह कालड़ा, अशोक चावला, पंकज सरदार करनैल सिंह, विजय बजाज, भवतोष बाछाड, सुबल मंडल, सुभाष मंडल, तिलक खुराना, सतपाल चावला, गुरमीत सिंह, जतिन राय, अर्जुन सैनी, रामपाल सैनी गोविंद मंडल, विनोद सिंह, बरीत बजाज सहित ग्रामवासी मौजूद थे।


गदरपुर में रपटा का शिलान्यास करते जिला योजना समिति सदस्य आमित नारंग व पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर। ● अमृत विचार

### आशुतोष सिंह ने संभाला प्रभार


आशुतोष सिंह।

**काशीपुर।** नये कोतवाल के रूप में निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने काशीपुर कोतवाली का पदभार संभाल लिया है। निवर्तमान कोतवाल मनोज रतूड़ी का बाजपुर स्थानांतरण के बाद आशुतोष को यहां भेजा है। शनिवार को काशीपुर कोतवाली का पदभार संभालने के बाद आशुतोष सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही अपराध व नशा मुक्त शहर बनाने का प्रयास करेगे। वहीं उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना भी प्राथमिकता बताया और लोगों से अपराध की रोकथाम व शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

### गोराया में आज से शुरू होगा गुरुमत संत समागम

**काशीपुर।** काशीपुर चैती स्थित गोराया फार्म में तीन दिवसीय गुरूमत संत समागम रविवार से शुरू हो जाएगा। समागम स्थल पर पहले दिन विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं तीन दिवसीय समागम में लाखों की संख्या में संगत जुटने की उम्मीद है। बाबा गुरूपदेश देव सिंह जी उदासीन ने कहा कि वर्ष 2024 में खालसा पंथ की स्थापना को 325 साल पूरे हो गए हैं। जिसे लेकर गुरूमत संत समागम का आयोजन हो रहा है। समागम में अकाल तख्त के जत्थेदार के अलावा अन्य देशभर के संत बाबा शामिल होंगे। उधर खालसा समाज सेवा समिति के बैनर तले समागम स्थल पर 17 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता

## टूर्नामेंट में 14 स्थानीय और 10 बाहरी टीमों को मिलाकर कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया

# मॉर्निंग क्लब हल्द्वानी ने 2—0 से जीता वॉलीबॉल का उद्घाटन मैच

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मॉर्निंग क्लब हल्द्वानी ने 2-0 के अंतर से जीत लिया।

शनिवार को मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पूरन लाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि नेहा ठाकुर कोरंगा, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित काण्डपाल, यूकेडी नेता दिवान सिंह बिष्ट व सैनिक संगठन अध्यक्ष कै. आरडी भट्ट से.नि. ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का पहला उद्घाटन लीग मैच न्यू जूनियर क्लब गोलापार व मॉर्निंग क्लब हल्द्वानी के मध्य खेला गया, जिसमें हल्द्वानी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिद्वंद्वी गोलापार की टीम को लगातार 15-7 व 15-11 से पराजित कर 2-0 के अंतर से मैच जीत लिया, जबकि टूर्नामेंट का दूसरा मैच आर्मी क्लब व कानिया रामनगर के मध्य खेला गया। जिसमें कानिया ने 15-9 एवं 15-4 के अंतर से आर्मी क्लब को परास्त कर 2-0 से मैच जीत लिया। वहीं तीसरा मुकाबला सफल गैंग और पृथ्वी रुद्रपुर के बीच खेला गया, जिसमें पृथ्वी क्लब ने पहला सेट 14-15 से जीता वहीं दूसरा सेट सफल ने 15-11 से जीत कर वापसी की। मगर तीसरे सेट में फिर पृथ्वी क्लब ने 15-14 से सफल को हरा नॉक आउट कर दिया।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रघुवीर सिंह बंगारी व सहायक निर्णायक भुवन जोशी रहे। जबकि आंखों देखा हाल लक्की चुफाल और हेमू सूंठा ने सुनाया। समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता का पहला लीग मैच पृथ्वी क्लब व मॉर्निंग क्लब हल्द्वानी के मध्य खेला जा रहा था। दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता टूर्नामेंट में इन टीमों ने उत्तराखंड पुलिस देहरादून, यूपीसीएल, शांतिपुरी, हरियाणा, स्पोर्टस कालेज देहरादून, 15 डोगरा रेजीमेंट, संभल, रुद्रपुर, खटीमा, मुजफर नगर, ईस्त्याग मुरादाबाद, हल्द्वानी स्टेडियम, देवभूमि कान्या, हल्दूचौड़, गोलापार, मालधन चौड़, खटीमा, सूर्यनगर, नारायणपुर समेत 14 स्थानीय व 10 बाहरी टीमों को मिलाकर कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया। जवाहरनगर में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मौजूद लोगों में मुख्य आयोजक राजेन्द्र पटवाल, मोहन सिंह कोरंगा उर्फ लखा, लालमन शर्मा, पूर्व प्रधान पूरन बिष्ट, क्षेत्रपंचायत सदस्य पंकज कोरंगा, कै. देवेन्द्र सिंह कोरंगा से.नि., कविता तिवारी, सितारा समूह की अध्यक्ष हेमा कोरंगा, राज्य आंदोलनकारी ललित काण्डपाल, मोहित गोस्वामी, संजू पटवाल, शंकर बिष्ट, भाजपा नेता तारा सिंह कोरंगा, धीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।


जवाहरनगर में अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते स्वतंत्रता सेनानी आश्रित पूरन लाल वर्मा व अन्य अतिथि।


शांतिपुरी में सड़क का शिलान्यास कर निर्माण शुरू कराते विधायक प्रतिनिधि।

### शांतिपुरी में सड़क का शिलान्यास किया

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी में शनिवार को प्राप्तः गन्ना सेंटर से शेर राम नेता के घर तक राज्य योजना के अंतर्गत बनने वाली डेढ़ किलोमीटर डामर सड़क का शिलान्यास विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रतिनिधि कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिशन सिंह कोरंगा ने किया। कोरंगा ने विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सड़क शांतिपुरी व बिन्दुखत्ता को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। जिसके लिए स्थानीय जनता लंबे समय से मांग कर रही थी। ग्रामीणों के आवेदन पर क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने सड़क के निर्माण हेतु 26 लाख रुपये राज्य योजना से स्वीकृत कराये हैं। इस मौके पर सूबेदार मेजर कल्याण सिंह मटियानी, टीकम कोरंगा, कैप्टन रमेश चंद जोशी से.नि, बाला दत्त जोशी, पूरन सिंह बिष्ट, खड़क सिंह टाकुली, तारा सिंह, रिंकू टाकुली आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जंगलों को आग से बचाने में नाकाम साबित हुआ विभाग

**गरमपानी :** जंगलों को आग से बचाने के दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। जंगलों के आग से खाक होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कैंची क्षेत्र स्थित नाचक गांव से सटा जंगल दिनभर धधकता रहा। कई हेक्टेयर वन संपदा खाक होने का अंदेशा है। देर रात तक जंगल से धुएं का गुबार उठता रहा। आसपास के जंगलों आग से धधकने के बाद अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित कैंची क्षेत्र में नाचक गांव से सटा जंगल आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते आग ने जंगल के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया। आग की लपटों का विकराल रुप देख आसपास के गांवों के बाशिंदे भी सख्ते में आ गए। गनीमत रही की आग आबादी की ओर नही पहुंची और बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह बिष्ट, संजय सिंह, मनीष तिवारी, गोधन सिंह, विक्रम सिंह, हीरा सिंह आदि ने लगातार जंगलों के आग से खाक होने के बावजूद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है।

### खेत पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**भीमताल :** धानाचूली निवासी गंगा सिंह बिष्ट ने शनिवार को धारी उपजिलाधिकारी को लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई। इसमें उसने कहा कि उसके खेत पर गांव का एक व्यक्ति जबरन कब्जा कर रहा है। खेत में आलू की फसल लगा दी गई है। भूमि पर उसके पिता ने सेब का बाग भी लगाया था, जब उसने जबरन कब्जा न किए जाने को कहा तो संबंधित व्यक्ति ने गाली गलौच करते हुए हाथों में दराती लेकर जान से मारने की धमकी दी। इस पर राजस्व उप निरीक्षक गंगा दत्त पलड़िया ने मौके का निरीक्षण किया। गंगा सिंह बिष्ट ने उपजिलाधिकारी से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# आश्वासन मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना किया स्थगित

## 26 दिन से जारी था धरना, सीएम ने आचार संहिता खत्म होने के बाद मानदेय बढ़ाने की बात कही

- मांग पूरी नहीं होने पर दोबारा धरने की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले आश्वासन के बाद आखिरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 26 दिन बाद अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने तय समय पर मांग पूरी नहीं होने पर दोबारा से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी है।

यहां बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पिछले 19 फरवरी से संगठन न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही थी। इस बीच शासन ने मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जीओ जारी कर दिया। बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तीन अन्य मांगों को लेकर आंदोलन पर डटी रही। वहीं विगत दिवस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रांतीय नेतृत्व में सीएम से मुलाकात की और अपनी मांगों को रखा। इस दौरान सीएम ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए आदर्श आचार संहिता लगने की बात कही। उन्होंने चुनाव पूरा होने और आचार संहिता हटने के बाद उनकी मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी आंदोलन को स्थगित कर दिया। इधर संगठन की जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि उनका आंदोलन स्थगित हो गया है। इसको लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विकास परियोजना अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंप दिया है।


बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

### बाल विकास परियोजना अधिकारी को सहमति पत्र दिया

**खटीमा।** शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपना धरना स्थगित कर दिया। बता दें कि मानदेय बढ़ाकर 18000 प्रतिमाह करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं विगत 19 फरवरी से कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे थे। उनका आरोप है कि बार-बार मांग करने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नजर अंदाज किया जा रहा है। विगत दिवस संगठन के उच्च अधिकारियों द्वारा की गई वार्ता में मुख्यमंत्री धामी द्वारा शीघ्र कार्रवाई का शासन दिया गया। जिसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को सहमति पत्र देकर अपना धरना स्थगित कर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत कौर, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र कौर, कोषाध्यक्ष कमल बिष्ट, सचिव इंदिरा पोखरिया, मंजू पाल, सोनी राणा, राधिका देवी, ममता देवी, शर्मिला देवी, शीतल देवी, चंदू शर्मा, सावित्री देवी, पूनम देवी, पार्वती, मीना, रानी, हेमलता, नीमा खाती, सुशीला देवी आदि मौजूद थे।


खटीमा में धरना स्थगित कर सहमति पत्र देती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

## 80 आंगनबाड़ी केंद्रों का गेहूं और चावल वितरण शुरू

**गरमपानी :** बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के 80 मिनी व पूर्ण आंगनबाड़ी के नौनिहालों व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के रुप में दिया जाने वाला राशन पूर्ति विभाग के गोदाम तक पहुंच गया है। छह महीने बाद अब गेहूं व चावल वितरण किया जाएगा। पूर्ति निरीक्षक अनीता पंत के नुकसान कोटा उपलब्ध हो चुका है। सभी केंद्रों को तय मानक के अनुसार राशन वितरित किया जाएगा।

बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं से लाभान्वित होने को लंबा इंतजार करना मजबूरी बन चुका है। बाल विकास विभाग विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत नौनिहालों व गर्भवती महिलाओं को तय मानक के अनुसार पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टीफाइट राइस व गेहूं देने का प्रावधान है।

योजना से लाभ मिले इसके लिए खाद्यान्न विभाग से राशन आंगनबाड़ी केंद्रो में पहुंचाया जाता है। पर पिछले छह महीने के लंबे अंतराल के बाद भी लाभार्थी पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टीफाइट राइस व गेहूं का इंतजार कर रहे हैं। बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के तमाम गांवों में संचालित मिनी व पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में छह महीने से लाभार्थियों का कोटा उपलब्ध नहीं हो सका है। राशन उपलब्ध न होने से लाभार्थी भी मायूस हैं। पिछले दिनों मुद्दा जोर शोर से उठने के बाद अब अधिकारी हरकत में आ गए हैं।


काशीपुर में जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

## रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर में व्यायाम, प्रणायाम आदि कराया गया। शनिवार योगा टीचर सागर यादव ने स्वयंसेवियों को व्यायाम, प्राणायाम व विभिन्न आसन सिखाते हुए योगा के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर स्थल पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपा चन्याल, डॉ. ज्योति रावत आदि मौजूद रही।

### रोडवेज बसों के चालकों की लापरवाही से यात्री परेशान

**नानकमत्ता।** परिवहन निगम के अधिकारियों की लापरवाही से रोडवेज बसों के चालक बस को बाहर के रास्ते से निकालकर ले जाते हैं। जिससे यात्री घन्टों इन्तजार करने के बाद भटकने को मजबूर होते रहते हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में दर्शन को आने वाले विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालुओं की सुख-सुविधा के उद्देश्य से वर्ष 2000 में गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने परिवहन विभाग को रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना के लिये पांच एकड़ जमीन दान की थी। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल सूरजभान ने इसका उद्घाटन कर बस स्टेशन को श्री गुरुनानक बस स्टेशन नाम दिया था। लेकिन विभागीय उपेक्षा के कारण बस स्टेशन अपनी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। यहां नालों के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। अब तो रोडवेज बस के चालक और परिचालक अपनी मनमानी कर स्टेशन में ना जाकर बाहर के रास्तों से ही बस दौड़ाकर ले जाते हैं। जिससे यात्री घन्टों इन्तजार कर अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिये भटकते हुए प्राइवेट बसों में सफर करने को मजबूर हैं।

# अव्वल स्थान पाने वाली छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को आदर्श कन्या इंटर कालेज में हुए पुरस्कार सम्मान समारोह का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा.नरेंद्र खत्री, पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास व प्रधानाचार्य डा.प्रीति रस्तोगी आदि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित हुई स्वच्छता एवं पर्यावरण पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बताया गया कि निबंध प्रतियोगिता में कक्षा-आठ ए की समीक्षा, महक व कशिश क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा-6 ए में आलिया, आलिया बेग व अंशिका, कक्षा-7 बी एवं ए में प्रियांशी, अलीना व रिजा बी, कक्षा-आठ ए में डोली, सोनाक्षी व दरख्शा अपने-अपने वर्ग में क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही।

कार्यक्रम के दौरान इन सभी विजेता प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

साथ ही स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाने में नगरपालिका परिषद बाजपुर को सहयोग करने के लिए विद्यालय को भी पालिका की ओर से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में दलबीर कौर, कैलाश चंद्र जोशी, सीताराम तिवारी, अनिल शर्मा, देवेन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार, अनिल आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# चार नौनिहालों ने स्कूल को किया गौरवान्वित

- ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता
- पूर्व में भी विद्यालय के कई विद्यार्थी हो चुके हैं सफल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** रामगढ़ ब्लॉक के प्यूडा. गांव स्थित आरोही बाल संसार विद्यालय के चार नौनिहालों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास की है। अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन ने मेधावियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की है।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान दे रहे आरोही बाल संसार विद्यालय प्यूडा. के नौनिहालों ने एक बार फिर ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम आगे बढ़ाया है। विद्यालय में पांचवी कक्षा की योगीता राणा, दीक्षा दुर्गापाल, रिद्धिमा आर्या व निखिल कुमार ने बीते दिनों ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया था। परीक्षा का परिणाम के साथ ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। चारों मेधावियों ने प्रवेश परीक्षा पास कर क्षेत्र व विद्यालय को गौरवान्वित किया है। आरोही संस्था के अधिशासी निदेशक डा. पंकज तिवारी, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, चंद्रशेखर, प्रदीप रस्तोगी, हेमा, दीपक पांडे, गंगोत्री नेगी, नेहा रौतेला, दीपा आर्या, दिव्या, कपिल, पूनम आर्या, ज्योति जोशी, ललित कुमार, कविता नेगी, ललित तिवारी ने मेधावियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की है।

## सार-संक्षेप

### सड़क निर्माण में खानापूर्ति करने का आरोप


नानकमत्ता में सड़क निर्माण में जुटे श्रमिक।

**नानकमत्ता।** बरकीडाडी से कैथुलिया तक पांच किलोमीटर पक्की सड़क का पुनर्निर्माण करने में ठेकेदार की ओर से खानापूर्ति करने का आरोप है। सड़क सही ना बनने से ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। सड़क निर्माण में पत्थरों के ऊपर की मिट्टी की सफाई किये बगैर ही डामरीकरण के नाम पर लीपापोती की जा रही है। इस पर ग्रामीणों ने भी हंगामा कर विरोध किया लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी कर सड़क में लीपापोती कर लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा।

### वार्ड-पांच में नई पेयजल लाइन का शिलान्यास



दिनेशपुर में नई पेयजल लाइन का शिलान्यास करते विधायक अरविंद पांडेय।

**दिनेशपुर :** नागरिक पेयजल योजना के तहत राज्य योजना के अंतर्गत 84 .37 लाख रुपये की लागत से वार्ड-पांच में निर्मित नई पेयजल लाइन बिछाने का विधायक अरविंद पांडेय व जल संस्थान बोर्ड की सदस्य सीमा सरकार ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण राय ने समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक पांडेय ने सभी को माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत मंडल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल, हिमांशु सरकार, अनादिरंजन मंडल, डॉ सुधीर राय, सुनीता मिस्त्री, सुब्रतो गोस्वामी, भवेश हालदार, सुकुमार सरकार, प्रसनजीत शाह, राजू गाईन, आशीष कुमार, संजीव मंडल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई कांशीराम की जयंती

**जसपुर।** बसपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती अंबेडकर पार्क नगर पंचायत महुआडाबरा जसपुर में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर बसपा विधानसभा अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सागर, पूर्व लोकसभा प्रभारी डॉ. बी.एस गौतम,ओमप्रकाश सिंह बौद्ध, नगर कमेटी के नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार जाटव, नगर महासचिव किशन कुमार सैनी, प्रेम सिंह, अनूप सिंह, मयंक कुमार आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला तैयार की

**जसपुर।** नगर के धर्म शाला मन्दिर पर चल रही नौ दिवसीय राम कथा का समापन रविवार को 51 कुण्डीय यज्ञ के साथ समापन किया जायेगा। कथा नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज वाच रहे हैं । शनिवार को 8वें दिन आयोजित राम कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं की काफ़ी भीड़ रही। वहीं श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला तैयार की। इस मौके पर मास्टर यशपाल सिंह चौहान, सत्येन्द्र कुमार, सोनू कुमार, प्रिन्स कुमार, अक्षय कुमार, पवन कुमार, पंकज कुमार, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, शुभम आदि मौजूद रहे।

### अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य का स्वागत

**गूलरभोज :** उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा बुक्सा नेता बाबू सिंह तोमर को आयोग का सदस्य मनोनीत करने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व समाज के लोगों उनके निवास पर जाकर उनका जोरदार स्वागत कर बधाई दी। बता दें कि तोमर बुक्सा समाज के युवाओ व लोगों की समस्याओं के लिए एवं भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामाज के हित में कार्यरत रहे। इस मौके पर खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, कोपा प्रधान मनोज देवराड़ी, मदनापुर प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु आदि मौजूद थे।


गूलरभोज में बाबू सिंह तोमर को बधाई देते जनप्रतिनिधि।

# निर्माणाधीन पेयजल योजना पर सवाल खड़े

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** कोसी नदी से तमाम गांव को पेयजल उपलब्ध कराने को निर्माणाधीन हरिनगर हरतोला पंपिंग पेयजल योजना पर ग्राम प्रधान ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाया है कि बगैर अधिकारियों के देखरेख के कार्य करवाया जा रहा है।

वहीं तीस वर्ष पुरानी योजना से भी लाइन जोड़ने पर सवाल उठाए हैं। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता विपिन चौहान के अनुसार समय-समय पर मॉनिटरिंग की जा रही है। तय मानकों के अनुसार ही कार्य करवाया जा रहा है। गांवो में पानी का सूखा खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत कोसी नदी से हरिनगर हरतोला व दुआ ब्लॉक आदि गांव के सैकड़ो परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से पंपिग पेयजल योजना का कार्य गतिमान है।

### नैनीताल जनपद में स्थानांतरण होने दी विदाई

**बाजपुर।** एसएचओ नरेश चौहान का नैनीताल जनपद में स्थानांतरण हो गया है, जबकि बाजपुर एसएसआई जसवीर सिंह चौहान को गदरपुर के एसओ पद पर तैनाती हुई है। साथ ही कोतवाली में तैनात एसआई प्रकाश चंद को एसओजी प्रभारी काशीपुर नियुक्त किया गया है। इन तीनों अधिकारियों के स्थानांतरण पर शनिवार को कोतवाली में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करने के साथ ही फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित कर विदाई दी गई। इस मौके पर दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधायक के कहने पर माने छात्र

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** राधे हरि महाविद्यालय काशीपुर में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कुछ दिनों से कॉलेज में धरने पर बैठे थे। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रशासन छात्राओं के बैठने, शौचालय, पीने की पानी की व्यवस्था नहीं कर रहा है। विधायक ने कॉलेज प्रशासन को सभी समस्याओं के निदान का भरोसा जताया। छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में हो रही मूलभूत समस्याओं को लेकर कई बार महाविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया गया। कोई कार्रवाई नहीं होने पर वह धरने पर बैठे थे। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष अमन शर्मा, उपाध्यक्ष आकाश चौहान, सचिव आकाश कुमार, कोषाध्यक्ष वरुण यादव, संगठन मंत्री केशव, वरुण सहरावत,शुभम कांबोज आदि उपस्थित रहे।


काशीपुर महाविद्यालय की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखते छात्र।

**सौगात** | काकड़ीघाट-सुनियाकोट-मटीला मोटर मार्ग के लिए बजट स्वीकृत

# 3 .31 करोड़ से बदलेगी मार्ग की हालत

- क्षेत्रवासियों ने जताया प्रदेश सरकार का आभार
- 16 किमी में होगा डामरीकरण व सुधारीकरण कार्य

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे तमाम गांवों को जोड़ने वाले काकड़ीघाट - सुनियाकोट - मटीला मोटर मार्ग की हालत में सुधार की उम्मीद जग गई है। राज्य सरकार ने सड़क सुधारीकरण को लगभग 3.31 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए है। लंबे समय बाद अब सुधारीकरण को बजट अवमुक्त होने पर क्षेत्रवासियों ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। काकड़ीघाट - सुनियाकोट - मटीला मोटर मार्ग से काकड़ीघाट, ओखिना, सिरौली, औलियागांव, गडस्यारी, बड़सीला, सूरी, डोल, मटीला खरकिया, पडयूला, समेत तमाम गांवों के बाशिंदे आवाजाही करते हैं। मोटर मार्ग के जगह जगह बदहाल होने से आवाजाही खतरनाक हो चुकी है।

सैकड़ों श्रद्धालु शीतलखेत स्थित सुप्रसिद्ध स्याहीदेवी मंदिर को भी इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं साथ ही गांवों के किसान भी इसी मार्ग से उपज को हाइवे तक पहुंचाते हैं पर मोटर मार्ग की दुर्दशा से दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। लंबे समय से ग्रामीण मोटर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग उठा रहे थे पर सुनवाई न होने से ग्रामीण मायूस हो गए। मामला कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य तक पहुंचा। कैबिनेट मंत्री ने मोटर मार्ग की मरम्मत के लिए शासन स्तर पर कवायद शुरु की और अब राज्य सरकार ने मोटर मार्ग के लिए 3.31करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिया है। मोटर मार्ग पर अब लगभग सोलह किमी दायरे में डामरीकरण व मरम्मत का कार्य किया जाएगा। बजट स्वीकृत होने से अब मोटर मार्ग की हालत में सुधार होने की उम्मीद भी जग गई है।

## उज्ज्वला उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी होगा

**बाजपुर।** बाजपुर इंडेन गैस सर्विस के प्रबंधक रामबाबू ने बताया कि इंडियन आयल के निर्देशों के क्रम में वर्ष-2019 से पूर्व के सभी उज्ज्वला उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। उज्ज्वला उपभोक्ताओं के खातों में सब्सिडी के 315 रुपये प्राप्त हो रहे हैं। सब्सिडी का लाभ लेने एवं डिलीवरी के लिए 31 मार्च से पूर्व ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के लिए बाजपुर के समस्त उज्ज्वला लाभार्थी अपना आधार कार्ड लेकर स्वयं बाजपुर इंडेन गैस एजेंसी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे शिविरों में भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

# 10 नवविवाहिताओं को बांटी गई नई पहल किट


संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजना नई पहल किट दी गयी। इस दौरान सीएमओ ने 10 नव दंपत्तियों को योजना की किट दी गयी।

शनिवार को सीएमओ कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डॉ. शर्मा ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद के सभी ब्लॉकों में 1346 आशाओं के माध्यम से प्रत्येक नवविवाहित जोड़ी को यह किट उपहार के रूप में दी जाएगी। इसमें मैरिज पंजीकरण पत्र, परिवार नियोजन समेत अन्य सामान मौजूद रहेगा। साथ ही आशाएं जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करेंगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान आशाएं नवविवाहित को शादी के दो साल बाद पहले बच्चे की प्लानिंग कर दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश आर्या, डॉ. एसपी सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप महर, हिमांशु मस्यूनी समेत समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं, लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है, लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।'' शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, ''संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।'' उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा, लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।''

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी, लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा, भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं, लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी, लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं, लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव का राष्ट्रहितैषी प्रतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुआत तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

# होलाष्टक पर्व के उद्देश्य




सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी हृदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।

हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है, लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

# क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य, बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।" मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है, उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं, दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था, 'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री, गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती, यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है, जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है, किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है, जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है, वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है, क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है, जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

# संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था, उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम, पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। हृदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी, किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है, संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं, मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

# मेल मिलाप और अपनापन



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं। आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकेट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

व्यंग्य

# कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं, जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी, भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार लिखता है, जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है, जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं, वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान, पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है, वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं, पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है, पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है, वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद, किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि हृदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

# पत्र लेखन अब इतिहास की बात



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे, फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे, बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे, न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था, बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे, पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?' लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते, दुःख-सुख के समाचार, पति-पत्नी के उलाहने, प्रेमियों के दर्द, कवियों की कविताएं, लेखकों के लेख, सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था, जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान, व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत, आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर, लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी, शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई, मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत, 'फूल तुम्हें भेजा है खत में, फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं, परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे, सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।



**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में



## किस राज्य में कब होंगे चुनाव

### पहला चरण

**21** राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

**20** मार्च को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**19** अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

### दूसरा चरण

**13** राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

**28** मार्च को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**26** अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### तीसरा चरण

**12** राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

**12** अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**7** मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

### चौथा चरण

**10** राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

**18** अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**13** मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### पांचवां चरण

**8** राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

**26** अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**20** मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

### छठा चरण

**7** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**29** अप्रैल गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**25** मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

### सातवां चरण

**8** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**7** मई को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।


**1** जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

# यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

***उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...***

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।




# भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

**अमृत विचार:** सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

### दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर


देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

### सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

### 97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।



# 26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

### दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

# उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाम अस्वीरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव श्री संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चौकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

### 15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर:** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड:** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी:** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम:** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार:** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा:** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर:** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली:** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

**क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व**

# अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

### 2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

### 1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

## एक नजर

### राज्य आंदोलनकारियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा :** भू-कानून और गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शीघ्र कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलनकारियों ने कहा कि वह लंबे समय से प्रदेश की स्थाई राजधानी गैरसैंण में बनाए जाने व भू-कानून लागू करने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। राजधानी गैरसैंण में न बन पाने के कारण जहां राज्य आंदोलन की अवधारणा चूर-चूर हो रही है। वहीं भू-कानून लागू न होने के कारण उत्तराखंड के प्राकृतिक संसाधनों पर बाहरी लोग लगातार कब्जा कर रहे हैं। जिससे पहाड़ में पलायन की समस्या बढ़ रही है। कहा कि उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन की रणनीति पर भी विचार करेंगे। ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष परमानंद कांडपाल, भुवन कठायत, नारायण सिंह, भगवत रावत, मदन कुमैंया, कला कांडपाल, मनोज सिंह, गजेंद्र बिष्ट, भगवती देवी, जगत मनराल, जगत बोरा, कुंदन सिंह आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

### लोक कलाकारों ने भुगतान न होने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा :** लोक कलाकार महासंगठन ने संस्कृति विभाग देहरादून की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भुगतान न किए जाने पर नाराजगी जताई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भुगतान न होने के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। संगठन ने इस संबंध में डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है। ज्ञापन में कलाकारों ने कहा है कि अक्टूबर 2023 में पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री के स्वागत में संस्कृति विभाग में पंजीकृत प्रदेश के सांस्कृतिक लोक दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही कलाकारों का अन्य उत्सवों में किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भुगतान भी अब तक लंबित है। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह चम्याल, उपाध्यक्ष ममता वाणी, प्रदेश महासचिव भुवन जोशी, जिलाध्यक्ष देवेंद्र भट्ट समेत अनेक लोक कलाकारों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### बच्चों को रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारण की नसीहत

**अल्मोड़ा :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जीजीआईसी अल्मोड़ा में कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की जानकारी दी और अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारण करने की बात कही। वक्ताओं ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, पैरा मेडिकल, बैंकिंग, रेलवे, सेना समेत अन्य क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए छात्रों का मार्गदर्शन किया। अजीम प्रेम जी फाउंडेशन की मुक्ता साह और रवि उप्रेती ने इंटर के बाद विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। जबकि हस्तशिल्प कालीन प्रशिक्षण अधिकारी कनिष्क सिसौदिया ने हस्तशिल्प से संबंधित जानकारी दी। इधर, चौखुटिया महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत विद्यार्थियों को तकनीक के साथ सफल उद्यमी बनने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में डॉ. विजयपाल ने कहा कि कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन से युवा स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुधा उप्रेती, उमा तिवारी, रेनू जोशी, विजया पंत, संगीता, इंदू पंवार, तोषी टम्टा, प्रतिभा पांडे, कमला शर्मा, वीना रानी, गिरधर सिंह बिष्ट, डॉ. जोगेंद्र चन्याल, अंजली रावत, रेनू गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी संपत्ति से हटाए पोस्टर और होर्डिंग

## आचार संहित लागू: जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव रखने के निर्देश

संवाददाता, टनकपुर/चंपावत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। चुनाव को स्वतंत्रत, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शनिवार को चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने जिला मुख्यालय में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम, सी विजिल प्रणाली, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति कक्ष का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में निर्वाचन संबंधित सभी सूचनाएं रखी जाएं। टॉल फ्री नंबर 1950 में जो भी शिकायत व जानकारी निर्वाचन संबंधित प्राप्त होती है उसका तत्काल निस्तारण करें और कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव रखा जाय। उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) कक्ष का निरीक्षण करते हुए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की। उन्होंने नोडल अधिकारी मीडिया गिरिजा शंकर जोशी को निर्देश दिए कि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए यह सुनिश्चित कर लें की सभी कार्मिक दिए गए दायित्वों का भली-भांति निर्वहन करें। डीएम ने मीडिया मॉनिटरिंग के लिए तैयार व्यवस्था व तैनात कार्मिकों की जानकारी ली।

इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने उड़नदस्ता टीम एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए गठित एमसीसी टीम के साथ बैठक कर सभी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आदर्श संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि 24 घंटे के अंदर सभी सरकारी संपत्ति से चुनाव प्रचार सामग्री, होर्डिंग आदि को हटाया जाए। 48 घंटे में सभी सार्वजनिक स्थानों से व 72 घंटे में निजी भवनों से जो बिना भवन स्वामी के लगाए गए हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए।


चंपावत में सरकारी संपत्ति से होर्डिंग हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### जनपद में धारा 144 प्रभावी

**चंपावत :** डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन के निर्देश दिये। कहा कि धारा 144 के अंतर्गत किसी भी अपराध को करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र या घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा और न ही कोई उत्तेजक नारे लगायेगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपमानजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं किया जायेगा। यदि कोई भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## सार-संक्षेप

### बार एसोसिएशन के चंद्रशेखर अध्यक्ष व पंकज सह सचिव बने


चंद्रशेखर मिश्रा। आनंद गडिया। दिग्विजय जनौटी। पंकज धपोला। गोविंद प्रताप सिह।

**बागेश्वर :** बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए हैं। अध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर मिश्रा ने अपने प्रतिद्वंदी गोविंद भंडारी को हराया। जबकि सह सचिव पद पर पंकज धपोला ने अनिल भाकुनी को पराजित किया। वहीं आनंद गड़िया उपाध्यक्ष, दिग्विजय जनौटी सचिव व गोविंद प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। चुनाव में चंद्रशेखर को 33 व गोविंद भंडारी को 24 मत मिले। पंकज धपोला को 35 व अनिल भाकुनी को 22 मत मिले। चुनाव बार भवन में चुनाव अधिकारी धन सिंह ठठोला व मनोज जोशी की देखरेख में संपन्न हुआ।

### रेट लिस्ट के मुताबिक ही खर्चों को करें शामिल

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला सभागार में व्यय अनुवीक्षण टीमों में शामिल कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एफएसटी व वीएसटी टीमों को उनके कार्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें निर्वाचन आयोग की तय रेट लिस्ट के आधार पर खर्च को उम्मीदवारों के खातों में जोड़ने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने एफएसटी एवं वीएसटी टीमों के गठन संबंधी प्रावधान बताए। साथ ही निर्वाचन के दौरान संवेदनशीलता के साथ कार्यों को संपादित करने की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर कोषाधिकारी जगत मोहन जोशी ने बताया कि सभी टीमों को निष्पक्ष होकर उम्मीदवारों के खर्च की रिपोर्ट संबंधितों को प्रेषित करनी हैं। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में प्रयोग होने वाली सामग्री एवं उपकरणों की रेट लिस्ट जारी कर दी है। सभी कार्मिक लिस्ट के अनुरूप उम्मीदवारों के व्यय को सम्मिलित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हर बूथ से 10 प्रतिशत मत अपने पक्ष में बढ़ाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

- भाजपा की लोकसभा चुनाव तैयारियां तेज, वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव से जुड़ी रणनीति पर मंथन के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस प्रतिशत मत अपने पक्ष में बढ़ाने के लिए कार्य करने की नसीहत दी। भाजपा के पातालदेवी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अजय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, संयोजकों और सह संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को बूथ में जाकर पूरी निष्ठा और से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में प्रत्येक बूथ पर दस प्रतिशत मत अपने पक्ष में बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को जी-जान से मेहनत करनी है। शक्ति केंद्रों और पन्ना प्रमुखों को भी सक्रिय किया जाए और उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जाएं। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं के अधिक से अधिक मत भाजपा को मिल सकें। इसके लिए अभियान बनाकर कार्य करना होगा।

तभी लोकसभा चुनावों में पार्टी चार सौ से अधिक का आंकड़ा पार कर सकेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, लोकसभा प्रभारी सुरेश भट्ट, कैलाश शर्मा, ललित मोहन, धर्मेंद्र बिष्ट, बंशी लाल कक्कड़, एसएस पथनी, शिव सिंह बिष्ट, अजय वर्मा, गोपाल चम्याल, पंकज भाकुनी, प्रीति गोस्वामी, संजय जोशी, सुधांशु साह, ललिता पंचपाल, राजेंद्र धानक, दीपक वर्मा, जगत तिवारी, चंदन सिंह, सुंदर भोजक, नितिन पंत, चंद्रेश थापा, दिलीप रौतेला, हरेंद्र वर्मा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में आयोजित भाजपा की बैठक में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# माह में दो दिन होंगे अल्ट्रासाउंड

- सीएचसी चौखुटिया में मरीजों को मिलेगी सुविधा
- सीएमओ ने सीएमएस रानीखेत को दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**खबर का असर**

**अमृत विचार :** दो मंडलों के मध्य स्थित चौखुटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब माह में दो दिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में सीएमओ डॉ. आरसी पंत ने रानीखेत सीएमएस को उनके अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट को माह में दो दिन चौखुटिया भेजने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्ट की कमी से जूझ रहा है।

अल्ट्रासाउंड की लाखों रुपये की मशीन होने के बाद भी रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिसे लेकर क्षेत्र की गेवाड़ विकास समिति और अन्य सामाजिक संगठन लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग और संबंधित जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगा रहे थे। क्षेत्र की हजारों की आबादी की इस समस्या को 'अमृत विचार' अखबार ने बीते दिनों प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसी पंत ने रानीखेत के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजेश वर्मा को माह के पहले और आखिरी शुक्रवार को चौखुटिया सीएचसी भेजकर वहां सेवाएं देने के निर्देश दिए हैं। गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि समिति पूर्व में इस समस्या को लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ1 धन सिंह रावत से भी मुलाकात कर चुकी थी। कहा कि सीएचसी में यह सुविधा मिलने के बाद अब गैरसैंण और चौखुटिया क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों व गर्भवती महिलाओं को अपने ही क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था मुहैया हो सकेगी।

# चुंगी व घाट में प्रदूषण रोकने की मांग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नगर के वार्ड एक शारदा चुंगी और शारदा घाट क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही बढ़ने से उड़ रही धूल के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र की महिलाओं ने टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। महिलाओं ने कहा कि टनकपुर शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम से खनन कार्य चल रहा है। जिस कारण हर रोज भारी संख्या में वाहन इस मार्ग से खनन सामग्री ले जा रहे हैं।

इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के बाद पूर्णागिरि मेला शुरु होने वाला है। बैराज मार्ग से नेपाल सिद्धनाथ मंदिर जाने वाले वाहनों की संख्या में इजाफा होगा। जिससे प्रदूषण की समस्या और बढ़ जाएगी। उन्होंने शारदा चुंगी से शारदा घाट और बैराज मार्ग में पानी का छिड़काव करने की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हंसा जोशी, बूथ अध्यक्ष ममता गंगवार, पूर्व सभासद मुकेश साहू, नीतू सक्सेना, नीलम देवी, आशा देवी, मीरा देवी, रजनी शर्मा, मधु, पुष्पा, खुशबू सक्सेना, मुरारी, डोरी लाल शामिल रहे।


टनकपुर में सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजतीं महिलाएं।

### घर से आभूषण चोरी के मामले में दंपति गिरफ्तार

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर के गांधी चौक निवासी मनोज अग्रवाल के घर से 14 लाख के आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है। पति को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि महिला के गर्भवती होने पर गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। बीती 6 मार्च को मंजू अग्रवाल पत्नी मनोज अग्रवाल ने अलीशा सिद्दीकी पत्नी अकील सिद्दीकी निवासी कैंट क्वाटर रानीखेत पर उसके घर से 14 लाख के जेवर व पीली धातु चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अलीशा और अकील की चोरी की घटना में संलिप्तता पाई। जिसके आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। अलीशा की निशानदेही पर पुलिस ने 90 ग्राम पीली धातु का चौकोर टुकड़ा बरामद किया। जबकि अकील की निशानदेही पर 1 छोटी पीली धातु की नथ व 2 पीली धातु के कान के टॉप्स बरामद किए। इस मामले में एक सुनार की संलिप्तता भी बताई जा रही है।

### महेंद्र वर्मा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बने

**अल्मोड़ा :** लोअर माल रोड स्थित तल्ला थपलिया निवासी महेंद्र कुमार वर्मा को पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। वर्मा पूर्व में वन विभाग से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली और लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे थे। पार्टी के प्रति वर्मा की निष्ठा को देखते हुए अब उन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बनाया गया है। वर्मा को दायित्व मिलने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, धर्मेंद्र बिष्ट, गोविंद पिलख्वाल, अजय वर्मा, मनीष जोशी ने बधाई दी है।

### लाइसेंस धारी निजी शस्त्र जमा कराने के निर्देश

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने जिले के सभी लाइसेंस धारी निजी शस्त्र स्वामियों के शस्त्र जमा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कहा व्यक्तिगत शस्त्र लाइसेंसधारियों के अलावा जमानत पर रिहा किए गए, आपराधिक इतिहास रखने वाले लोगों व दंगों में शामिल सभी लोगों के शस्त्रों को निर्वाचन की समाप्ति तक निकटवर्ती पुलिस मालखाने व व्यावसायिक शस्त्र डीलर के पास सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण करें और रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएं।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

**ऊपर से नीचे**

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 त | प | ■ | 2 ना | ■ | ■ | 3 टैं |
| ड़ | ■ | 4 ह | वा | ई | डा | क |
| क | ■ | ■ | धि | ■ | ■ | र |
| भ | ■ | ■ | 5 क | 6 ह | र | ■ |
| ड़ | ■ | 7 के | र | ल | ■ | 8 श |
| क | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | री |
| ■ | 9 ता | क | ■ | 10 अ | नी | क |

## सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

### सुडोकू -90 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**कर्क** — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

**सिंह** — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

**कन्या** — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

**तुला** — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

**धनु** — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

**कुंभ** — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
दरार — रात : 08.03

**SONY MAX**
मरजावां — सुबह : 09.00
कबीर सिंह — रात : 10.00

**SONY PIX**
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
ब्लैंक — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
हिडिंभा — शाम : 05.51

### आज की सुपरहिट फिल्म


सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली। एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

# लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें

## मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश


देहरादून कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

सीएम ने कैम्प कार्यालय में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के जल्द समाधान के लिए जन शिकायतों को यथाशीघ्र संबंधित विभागों को भेजा जाए और विभाग द्वारा शिकायतों और समस्याओं पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए।

यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अन्य समस्याएं रखीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए गये हैं। लोगों को घर बैठे ही अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया है।

### धामी के कार्यों पर बनी एल्बम 'धामी जी कु रैबार' का विमोचन

**देहरादून :** आदर्श औद्योगिक स्वायत्ता सहकारिता डोईवाला के तत्वावधान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों पर बनी 'धामी जी कु रैबार' गीत एल्बम व आदर्श संस्था की स्मारिका का लोकार्पण व विमोचन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्य सेवक सदन में किया।

आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। सरकार की इन्हीं उपलब्धियां को लेकर यह एल्बम बनाई गई है। वहीं स्मारिका के माध्यम से सरकार के कार्यों को बताया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श संस्था से जुड़े एल्बम के कलाकार उत्तम सिंह भंडारी हैं। गाने की शूटिंग देहरादून ऋषिकेश व ओणि गांव में हुई। इसके गीतकार गंगा विष्णु व वीरेन्द्र पंवार हैं। सगीत वीरेंदर पवार, वीडिओ एवं एडिटिंग राहुल कठैत ने की। एल्बम में आशा कोठरी, सचिव हरीश कोठारी, राजेन्द्र भंडारी, महिपाल बिष्ट, दिनेश कक्कड़, गिरीश भट्ट, गौरी भंडारी, मेहरवान गुसाई, अमित, कान्ति चौहान, टिगंबर राणा, कमल पुंडीर ने भी भूमिका निभाई है। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सारांश डोगरा, महामंत्री विनायक नौटियाल, विकास आदि उपस्थित थे।


देहरादून में एल्बम का विमोचन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।


चंपावत में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण एवं सेवायोजन टीम।

# युवाओं को आईटीआई के प्रति जागरूक किया

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित पूर्णानंद जोशी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टनकपुर और चंपावत में मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री के निर्देश पर प्रशिक्षण एवं सेवायोजन टीम ने जन जागरूकता रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस अभियान के तहत उपनिदेशक स्मिता अग्रवाल ने बच्चों को आईटीआई करने और प्रशिक्षण के बाद रोजगार के अवसर की जानकारी दी।

साथ ही आईटीआई करने के प्रति जागरूक भी किया गया। इस मौके पर कार्यदेशक उमा जोशी, अनुदेशक रविंद्र कुमार, पुष्पा कुलेठा, दीवान राम, टनकपुर आईटीआई के प्रधानाचार्य कविंद्र सिंह कन्याल, कनिष्ठ सहायक रमेश पंत, जानकी, पुष्कर लाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गैड़ाखाली में हुए खूनी संघर्ष में चार गिरफ्तार

**टनकपुर :** टनकपुर के गैड़ाखाली गांव में दो माह पूर्व हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है। टनकपुर के गैड़ाखाली गांव निवासी चतुर सिंह महर, दीपक सिंह महर व धीरज बिष्ट ने बीती 10 जनवरी को कुछ अज्ञात लोगों को उनकी दुकान के बाहर शराब पीने और उपद्रव मचाने से मना किया था। जिस पर अज्ञात लोग भड़क उठे और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत बूम चौकी में जाकर दी। चौकी से वापस लौटते समय अज्ञात लोगों ने तीनों को बंधक बनाकर उनपर लाठी डंडे और पत्थरों से ताबड़तोड़ प्रहार किया। जिसमें तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। बाद में घायल चतुर सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बूम चौकी प्रभारी एसआई दिलवर सिंह भंडारी ने बताया कि गैड़ाखाली निवासी नितिन सिंह, शारदा चुंगी निवासी हर्षित बिष्ट और हनुमानगढ़ी निवासी रितिक कुमार, पारस शर्मा को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें कोट में पेश किया गया है।

### उड़नदस्ता टीमों ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अल्मोड़ा :** बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं। शनिवार को विकास खंड भैंसियाछाना में ब्लॉक स्तरीय सचल दल ने कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। भैंसियाछाना ब्लॉक में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बाडेछीना, राजकीय इंटर कॉलेज पेटशाल, राजकीय इंटर कॉलेज नगरखान, राजकीय इंटर कॉलेज भल्यूटा, राजकीय इंटर कॉलेज धौलछीना परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें हाईस्कूल में 139 छात्र व 158 छात्राएं व इंटरमीडिएट में 92 छात्र व 133 छात्राएं परीक्षा दे रही हैं। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी धीरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि निरीक्षण में कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। टीम में खंड शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला, हरीश ढैला, ममता उपाध्याय, गणेश भंडारी शामिल रहे।

### दोषियों को सजा मिलने पर जताई खुशी

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड लोक वाहिनी ने रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को न्यायालय द्वारा दंडित किए जाने के फैसले को न्याय की जीत बताते हुए इस पर खुशी व्यक्त की है। सदस्यों ने कहा है कि इस निर्णय के बाद तत्कालीन सरकारों का झूठ सबके सामने आ गया है। जिस पर तब से केंद्र और राज्य सरकारें आंखें मूंदे हुए थीं। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से मुजफ्फरनगर कांड के पीड़ितों को मुआवजा दे की मांग की। साथ ही अंकिता हत्याकांड के दोषियों को कठोर सजा देने, उसके परिवार का उत्पीड़न बंद करने और इस मामले में लिप्त वीवीआईपी का नाम उजागर करने की मांग की। बैठक में उलोवा के महासचिव पूरन तिवारी, जंग बहादुर थापा, जगत रौतेला, बिशन जोशी, कलावती तिवारी, दयाकृष्ण कांडपाल, अजय मित्र बिष्ट, अजय मेहता आदि मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों के लिए मिसाल बने कपकोट के केडी गुरुजी

- राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कपकोट को दिलाई देश-प्रदेश में अलग पहचान

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** अक्सर शिक्षक पढ़ाने के अलावा अनेक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। कुछ स्कूल में छात्र संख्या न होने का रोना-रोकर सुगम स्थान में चयन की बातें कहते हैं तो कुछ वेतन की मांग करते नहीं थकते हैं।

लेकिन बागेश्वर में एक शिक्षक ऐसे हैं जो कभी भी पढ़ाई के अलावा अन्य कार्य नहीं करते हैं और न ही सम्मान के लिए भागते हैं। केडी गुरूजी का कहना है कि सरकार जिस कार्य के लिए उन्हें मानदेय देती है वही काम करना उनका दायित्व है। उनके स्कूल के बच्चों के लिए प्रतियोगिता उत्तीर्ण करना मामूली बात है। जनपद के पीएम श्री राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कपकोट में केडी शर्मा ने वर्ष 2016 में कार्यभार संभाला और प्रभारी बने। उन्होंने तैनाती के बाद से ही तय किया कि वह शिक्षा जगत के लिए मिसाल बनेंगे और सरकारी स्कूल को निजी महंगे स्कूलों से आगे ले जाएंगे। जिसका प्रतिफल उन्हें मिल चुका है। वह अपने स्कूल को प्रदेश ही नहीं देश में अलग पहचान दिला चुके हैं। इस स्कूल में प्रतिवर्ष कई बच्चों का चयन सैनिक स्कूल, हिम ज्योतिस्कूल, प्रदेश लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताओं में होता है।

इसके अलावा नवोदय विदयालय आदि प्रतियोगिताओं में भी स्कूल के बच्चों का जलवा रहता है। गत वर्ष 22 बच्चों का चयन सैनिक स्कूल के लिए हुआ था। इस बार भी यहां के 40 बच्चों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसे केडी गुरूजी की मेहनता का परिणाम कहा जाएगा कि यह स्कूल किसी निजी स्कूल के मुकाबले कम नहीं है। यहां पर सुबह बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ ही कविता गायन कराया जाता है। इसके बाद स्कूल की टीम बच्चों के विकास के लिए कार्य करती है। मध्याहन भोजन के दौरान बच्चे भोजन मंत्र के बाद पुनः पढ़ाई करते हैं। सायंकाल खेलकूद गतिविधियां, सांस्कृतिक गतिविधियां होती हैं। स्थिति यह है कि छुटटी के बाद भी कमजोर बच्चों के लिए केडी शर्मा बच्चों को शिक्षा देते हैं।


विद्यालय में भोजन करते बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूल में प्रवेश के लिए होती है जद्दोजहद

**बागेश्वर :** बदहाली और शिक्षा के घटते स्तर के चलते अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से मोह भंग होता जा रहा है। कई सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालय कपकोट में प्रवेश के लिये हाय-तौबा मची हुई है। 40 सीटों के लिये अब तक 300 आवेदन आ चुके हैं। 2023 में स्कूल के 22 बच्चे सैनिक स्कूल के लिए चयनित हुए और अब 2024 में 40 स्टूडेंट्स ने सैनिक स्कूल की रिटर्न परीक्षा पास कर एक नया कीर्तिमान रचा है।

### रात को भी बच्चों को कराते हैं अध्ययन

**बागेश्वर :** केडी गुरूजी व उनकी टीम के शिक्षक हरीश चंद्र, किरन, मंजू गढ़िया अभिभावकों के अनुरोध पर रात्रि में भी बच्चों को शिक्षा देते हैं। बच्चों से दोस्ताना व्यवहार के चलते बच्चे भी देर रात तक शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पढ़ाई करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तथा अध्यापक व अध्यापिकाएं उन्हें शिक्षा देती हैं।



मैं एक शिक्षक हूं। मुझे बच्चों के भविष्य बनाने के लिए सरकार तनख्वाह देती है। मैंने भी सभी शिक्षकों की तरह जिला प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण से सीखा है। उसे ही बच्चों के लिए लगा रहा हूं। बच्चों के भविष्य के लिए कार्य करना ही शिक्षक का कर्तव्य है।

**– केडी शर्मा**, प्रधानाध्यापक

## उत्तर प्रदेश

# हर मंडल में सरकारी विवि, हर जिले में मेडिकल कॉलेज

- सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार कर रही भाजपा की डबल इंजन सरकार
- मुख्यमंत्री ने 513.35 करोड़ रुपये लागत की 112 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर मंडल में सरकारी विश्वविद्यालय, हर जिले में मेडिकल कॉलेज, गरीबों को काम और राष्ट्रीय आजीविका मिशन में भरपेट भोजन का प्रबंध यही मोदी की गारंटी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार कर रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बुद्धि विहार के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मुरादाबाद की दशकों पुरानी बहुप्रतीक्षित सरकारी विश्वविद्यालय की मांग को शिलान्यास कर पूरा कर दिया गया है। साथ ही मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि होली के पहले 513.35 करोड़ रुपये की 112 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर मंडल ही नहीं आसपास के जिलों के लोगों को भी सरकार ने बड़ा उपहार दिया है। दोनों सरकारी विश्वविद्यालय के लिए 180 करोड़ रुपये आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी का कॉरिडोर भी लगभग बनकर तैयार होने को है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों को शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था के मामले में कटघरे में खड़ा किया। कहा कि विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य की बात न होना मजाक है। पिछली सरकारों ने प्रदेश में दंगा, कर्फ्यू दिया। व्यापारी उद्यमी भागने लगे, नौजवान पहचान छिपाता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में उभरा है। आज विकास जनता का हो रहा है किसी परिवार विशेष का नहीं। गरीब कल्याण योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। बेटी के जन्म से लेकर शादी विवाह तक में सरकार सहयोग दे रही है।

हर मंडल में सरकारी विश्वविद्यालय के साथ प्रदेश में 22 निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने को उन्होंने अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद में उद्यमियों को सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत का है। प्रधानमंत्री ने 19 फरवरी को कल्कि धाम का शिलान्यास किया तो लखनऊ में निवेश को ऊंचाई दी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद हवाई अड्डा बन गया है, इसका लोकार्पण कर दिया गया है। मुरादाबाद बड़े शहरों से हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने गृह जिले में मुख्यमंत्री का स्वागत कर मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के संकल्प को पूरा करने के लिए आभार जताया। कहा कि आज मुरादाबाद मंडल सहित पूरे प्रदेश में लोग सुरक्षित हैं और सुकून से जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य का भुगतान समय से करा रही है। चीनी मिल समय से चल रही है। किसानों के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा सरकार ने दी है। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि तीन महीने में पांच बार मुख्यमंत्री मुरादाबाद आ चुके हैं। होली के पहले मुरादाबाद मंडल की 35 वर्ष पुरानी मांग में राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य 50 एकड़ में हरदासपुर में होगा। उसका शिलान्यास मुख्यमंत्री के हाथों होना होली के पहले बड़ा उपहार है।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुरादाबाद ही नहीं मिर्जापुर के लिए भी अहम दिन है क्योंकि मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालय व मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अब आसपास के सभी जिले उच्च शिक्षा से जुड़ेंगे।

# लोगों से भरी बस डंपर में घुसी 15 घायल, दो की हालत गंभीर

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार :** रामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे लोगों से भरी बस डंपर में घुस गई। जिससे 15 लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शनिवार सुबह शाहबाद क्षेत्र के कई गांवों के लोग बसों में सवार होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आ रहे थे। एक बस गांव शाहपुर देव व मीरापुर से भी रवाना हुई। जब यह बस शाहबाद-रामपुर मार्ग पर उदयपुर की पुलिया के पास पहुंची तो आगे चल रहे डंपर के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे बेकाबू होकर बस डंपर में जा घुसी। इससे लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, एमएलसी प्रतिनिधि महेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, संजीब ठाकुर, रामेसेवक शर्मा समेत अन्य भाजपाई मौके पर पहुंच गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर एसडीएम सुनील कुमार प्रथम व बीडीओ नरेंद्र गंगवार भी मौके पर पहुंचे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शहजादनगर (रामपुर) अमृत विचार :** रामपुर-बरेली हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल में घायल का उपचार चल रहा है। यह हादसा शनिवार सुबह शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित एक ढाबे के सामने हुआ। मुरादाबाद जिले के कटघर थाना क्षेत्र स्थित गांव सैदपुर पल्ला निवासी तालिब अपनी बहन गुलिस्ता को शहजादनगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में अपनी ससुराल आया था। जब वह ससुराल से अपने घर लौटा तो हाइवे स्थित एक ढाबे के पास पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तालिब और उसकी बहन रोड पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एबुंलेंस के चालक प्रदीप कुमार और ईएमटी राजा दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए। लेकिन तालिब की रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

# स्वामी प्रसाद मौर्या की मुश्किलें बढ़ीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लक्ष्मी जी और अन्य हिन्दू देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सपा के पूर्व महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश वजीरगंज थाने को दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत में दाखिल किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 नवंबर 2023 को अखबार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान छपा था जिसका शीर्षक था कि 'चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है'।

कहा गया कि इसके अलावा स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूर्व में ट्विटर पर चार फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति ,नस्ल ,रंग व देश में पैदा होने वाले प्राणी के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख व दो छिद्र वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ होती है, चार हाथ,आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है। आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोडों जनता की भावनाएं इस बयान को पढ़कर आहत हुई हैं।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को होगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा अब 7 अप्रैल को होगी। इससे पहले 15 से 20 मार्च को परीक्षा की तिथि प्रस्तावित की गई थी लेकिन इसे बदल दिया गया है। शोध निदेशालय की वेबसाइट पर परीक्षा की तिथि अपडेट की गई है। परीक्षा के लिए करीब 28 सौ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बरेली के अलावा मेरठ, गाजियाबाद और लखनऊ में केंद्र बनाए जाएंगे। बरेली में करीब 13 सौ छात्रों की परीक्षा कराई जाएगी। इसमें विश्वविद्यालय परिसर में केंद्र बनाए जाएंगे। छात्रों की संख्या के आधार पर केंद्र और शहरों का चयन किया जा रहा है। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है।

# प्रदेश को मिले 8362 नए दरोगा

- उप्र पुलिस अकादमी में दीक्षांत परेड में मुख्यमंत्री ने यूपी पुलिस की सराहना की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश को 8,362 नए दरोगा और मिल गए हैं। इन सभी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज में बेहतर कानून व्यवस्था और मित्र पुलिस की छवि को परिलक्षित करने के प्रति अटूट विश्वास जताया है।

ये दरोगा अब अपने आवंटित जिले में पहुंचकर आमद दर्ज कराने के साथ ही ड्यूटी पर मुस्तैद होने जा रहे हैं। इनकी डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी मुरादाबाद में हुई पासिंग आउट परेड में मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर उनके हौसले को कई गुना बढ़ा दिया है। परेड का निरीक्षण कर मान प्रणाम ग्रहण किया। पुलिस अकादमी से ही मुख्यमंत्री ने वर्चुअल तरीके से प्रदेश के सभी 11 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित हुई पासिंग आउट परेड में शामिल जवानों को संबोधित कर आशीर्वचन दिए। इन संस्थानों में कुल 8,362 अभ्यर्थियों ने पूरे एक साल तक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इनमें 1618 महिलाएं भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्ष, न्यायप्रिय, पारदर्शी, जवाबदेह और निष्ठा के साथ जनसेवा के प्रति संवदेनशील पुलिस बल की स्थापना में यह प्रशिक्षण नए दरोगाओं के लिए बेहद कारगर सिद्ध होगा। नए दरोगाओं से मुख्यमंत्री ने कहा, आप पुलिस में जिम्मेदार पद पर नियुक्त हो रहे हैं। आपका यह पद कानून का राज स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाए रखना और पीड़ित को न्याय प्राप्त कराने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने नए दरोगाओं से अपेक्षा की कि जनमानस की सुरक्षा, समाज में अमन-चैन कायम रखते हुए मित्र पुलिस की छवि को बनाए रखने के लिए आप सभी अपना बेहतरीन योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के उत्कृष्टतम पुलिस अकादमी में इस दीक्षांत परेड में साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुझे प्रसन्नता है कि एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण और पुलिस के व्यवसायिक दक्षता में सफलतापूर्वक आगे बढ़ने वाले दरोगा व प्लाटून कमांडर यूपी पुलिस बल को प्राप्त हो रहे हैं, जो प्रदेश की कानून व्यवस्था और सुरक्षा को और अधिक बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले हैं।

# लोकसेवा आयोग की चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित

- पहले भी स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद करनी पड़ी थी आरओ/एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

## एक नजर

### पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

**कटक।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

### ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा- मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

# मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

## प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

### किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा- बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

### कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

# चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

# नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

- बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।



**कोलकाता :** एक स्कूल में बसंत उत्सव उत्सव से पहले श्री कृष्ण की वेशभूषा में होली खेलते दिव्यांग छात्र। ● एजेंसी

# झारखंड में छात्रों के लिए स्कूल बैग के प्रस्ताव को मंजूरी

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल ने सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक के 37 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल बैग प्रदान करने के प्रस्ताव को शनिवार को मंजूरी दे दी। यह निर्णय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 57.06 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उन्होंने कहा- कक्षा-1 और कक्षा-8 के बीच के सभी छात्रों को सालाना स्कूल बैग प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक बैग की कीमत 140 रुपये से 160 रुपये तक होगी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें झारखंड मोटा अनाज अभियान के लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी भी शामिल है।

# ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

**फर्जी कलाकृति मामला**

- जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

### बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

## क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा- 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

### महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा- वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,800 |
| चांदी पक्की | 741 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

# हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

# भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

# डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

# गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

- 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन



गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

# ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का



सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

## कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त




**ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी।** कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरूआती दौर में ही बाहर गए।

# जिम्नास्टिक ने कराई समय से पहले पंत की वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत की मानसिक दृढ़ता और जिम्नास्टिक खेलने का अनुभव होने से समय से पहले और जल्दी रिकवरी करने में मदद मिली। दिल्ली देहरादून हाइवे पर दिसंबर 2022 में हुए भयावह कार हादसे के बाद पंत को 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में खेलने की अनुमति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिल गई है।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिजियोथेरेपिस्ट तुलसी युवराज ने कहा कि उसके भीतर की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास से उसने रिहैब के दौरान हमें शत प्रतिशत देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को लगता था कि उसे पूरी तरह से ठीक होने में दो साल



का लगेंगे। एक बार एनसीए आने के बाद वह तेजी से रिकवर करता गया। एनसीए में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निशांता बारदोलोइ ने कहा कि पंत बचपन में जिम्नास्ट भी रहे हैं, जिससे उनकी रिकवरी में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पंत की जिम्नास्टिक की पृष्ठभूमि होने से हमें काफी मदद मिली। कई चीजों में यह बड़ा काम आया मसलन जब उसे लगता कि वह आगे नहीं बढ़ सकता है तो वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो पाता था। पंत ने रिकवरी के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें यह प्रक्रिया उबाऊ लगी। उन्होंने कहा कि रिहैब (चोट के बाद फिटनेस फिर हासिल करने का दौर) काफी उबाऊ होता है। बार-बार एक ही चीज करना, लेकिन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। जितना अधिक करेंगे, उतना ही जल्दी ठीक होंगे।

पंत ने कहा कि मैदान पर लौटकर बहुत खुश हूं। क्रिकेट के लिए मेरा प्यार बढ़ गया है। पहले भी मुझे इससे मुहब्बत थी, लेकिन अब यह बेइंतहा हो गई है।

## खेल डायरी

### रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजना: गावस्कर



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

### कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला



**पुणे, एजेंसी।** हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

### शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7- 6 से हराया।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

## पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**आरसीबी :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

# हमें हार्दिक की कमी खलेगी: नेहरा

अहमदाबाद, एजेंसी



गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

# रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

# बॉलीवुड हलचल

## अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

## कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

### सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

## विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा – पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

### लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

